● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 77, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 21 अप्रैल 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



हम चुनाव बड़े अंतराल से जीतेंगे : मनोहर लाल 5

केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकार्ड 6



## कांग्रेस गरीब एवं किसानों के विकास में हमेशा दीवार बनी : पीएम



**नांदेड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 20 अप्रैल को बेंगलुरु में जनसभा की। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु टेक सिटी से टैंकर सिटी बन चुका है। कर्नाटक सरकार ने शहर को टैंकर माफिया के हवाले कर दिया है। बीते महीनों में बेंगलुरु में पानी की खासी किल्लत चल रही है। पानी की राशनिंग हो रही है। ज्यादा पानी खर्च करने पर जुर्माना लिया जा रहा है।

मोदी ने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार एंटी-प्राइवेट सेक्टर, एंटी-टैक्सपेयर और एंटी-वैल्थ क्रिएटर्स है। कर्नाटक सरकार जिन विचारों को सपोर्ट कर रही है, वह खतरनाक है। इंडी गठबंधन का फोकस मोदी पर है, जबकि मोदी का फोकस भारत के विकास और दुनियाभर में देश की इमेज पर है। पीएम ने ये भी कहा कि इस चुनाव में इंडी अलायंस के नेता अपना घिसा-पिटा टेप रिकॉर्डर लेकर घूम रहे हैं। जबकि मैं और मेरे साथी जनता के बीच अपना ट्रैक रिकॉर्ड लेकर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर महाराष्ट्र के नांदेड़ में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा। नांदेड़ के बाद पीएम मोदी ने परभणी भी जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। 5 साल बाद 2019 में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी। पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या? मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर एनडीए को वोट दीजिए। एनडीए को वोट करना है।

आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। कांग्रेस गरीब, दलित, वंचित, मजदूर किसान के विकास के सामने हमेशा दीवार बनकर खड़ी है। आजादी के 6 दशक बाद हमने करोड़ों गरीब महिलाओं को शौचालय देने का अभियान छेड़ दिया। तब कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले लोग मजाक उड़ाते थे। पीएम ने नांदेड़ में इंडी गठबंधन को लेकर यह भी कहा कि आपकी समस्याओं का ये कभी समाधान कर सकते हैं क्या? कांग्रेस ने दशकों तक महाराष्ट्र और विदर्भ-मराठवाड़ के आसपास दम घोंटने वाला काम किया है। इस क्षेत्र में सूखे की स्थिति पानी का संकट एक दिन में नहीं पैदा हुआ है। कांग्रेस के रवैए के चलते किसान कमजोर होते गए। लाखों युवाओं को पलायन करना पड़ा।

अब 80 फीसदी से ज्यादा घरों में नल से जल आने लगा है। अपर गंगा प्रोजेक्ट चल रहा है। किसानों को प्रीमियम से 5 गुना ज्यादा क्लेम फसल बीमा के तहत दिलाया। नांदेड़ के किसानों को 1300 करोड़ से ज्यादा किसान सम्मान निधि से मिले। हमारी सरकार ने मोटे अनाज को पहचान दी, श्री अन्न कहा। ये यहां बहुत पैदा होते हैं। ये दुनियाभर में सुपरफूड बोला जा रहा है। कांग्रेस के दिए हर जख्म का इलाज करना ये मोदी की गारंटी है। इस क्षेत्र को शक्तिपीठ एक्सप्रेस वे और समृद्धि महामार्ग जैसी वर्ल्ड क्लास रोड मिली है। उड़ान योजना के तहत नांदेड़ एयरपोर्ट को फिर से शुरू किया गया।

## कांग्रेस के माथे पर देश को भारत और पाकिस्तान में बांटने का कलंक : डॉ. यादव



**होशंगाबाद।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पाकिस्तान के नेता भी कहते हैं कि काश उनके देश में उनके जैसा कोई नेता होता। सीएम यादव ने यह बात होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला। सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा बोए गए बीजों के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भी भारत का हिस्सा बनना चाहते हैं। क्योंकि, पड़ोसी देश में अस्तित्व का संकट है।

दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ समेत पाकिस्तान के नेता लगातार कह रहे हैं कि काश नरेंद्र मोदी वहां (पाकिस्तान में) होते। अगर, आप नेता हैं तो ऐसा बनें कि आपका दुश्मन भी आपकी तारीफ करे। यह नेता (मोदी) हमें गौरवान्वित करते हैं।

कांग्रेस की आलोचना करते हुए सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस के माथे पर देश को भारत और पाकिस्तान में बांटने का कलंक है। देश के विभाजन के समय भाजपा या जनसंघ नहीं था। कांग्रेस द्वारा बोए गए बीज के कारण देश का विभाजन हुआ। आधा पंजाब पाकिस्तान में चला गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धारा 370 को निरस्त करने के समय भी लोगों में डर पैदा किया। जब इसे हटाया जा रहा था, तब कांग्रेस ने कहा था कि अगर ऐसा हुआ तो देश में खून की नदिया बहेंगी। सीएम यादव ने कहा कि खून की नदियां तभी बहेंगी जब रगों में खून होगा। आपकी (कांग्रेस) रगों में पानी है। देश जश्न मना रहा है क्योंकि धारा 370 का कलंक मिट गया। उन्होंने कहा, पीओके के लोग भी इतने खुश हैं कि वे भारत में शामिल होना चाह रहे हैं। क्योंकि, पाकिस्तान में गुजारा करना मुश्किल है।

बता दें कि कल शुक्रवार को प्रदेश की छह सीटों पर मतदान हुआ। होशंगाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। यहां भाजपा और कांग्रेस के नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा कर रहे हैं।

## पार्टी के ही नेता के खिलाफ छह दिन से भूख हड़ताल कर रहीं टीएमसी नेता, लगाए ये आरोप



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की एक पार्षद बीते छह दिनों से अपनी ही पार्टी के एक नेता के खिलाफ भूख हड़ताल कर रही हैं। टीएमसी की महिला नेता का आरोप है कि उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है और उनके इलाके में एक अन्य टीएमसी नेता ने अपना कार्यालय खोल लिया है। टीएमसी नेतृत्व की तरफ से अभी तक इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया गया है। कोलकाता म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के वार्ड 49 से पार्षद मोनालिसा बनर्जी बीते छह दिनों से अपने कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठी हैं। मोनालिसा बनर्जी का आरोप है कि उनकी ही पार्टी के एक अन्य दबंग नेता देबाशीष बनर्जी ने उनके इलाके में अपना ऑफिस खोल लिया है। मोनालिसा साल 2020 में कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुईं थी। टीएमसी पार्षद का आरोप है कि उन्हें नए ऑफिस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई और पुराना ऑफिस होने के बावजूद नया ऑफिस खोला गया।

कोलकाता का वार्ड 49 कोलकाता उत्तर लोकसभा सीट के तहत आता है।

## कांग्रेस के पूर्व एमएलए शुक्ला समेत सैकड़ों पूर्व पदाधिकारी-कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के बीच मध्य प्रदेश में कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। एक के बाद एक कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अब 19 अप्रैल को मतदान के बाद शनिवार को एक बार फिर पूर्व विधायक समेत कई कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के समक्ष भाजपा कार्यालय में कांग्रेस के शिवपुरी के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, मध्य प्रदेश कांग्रेस सिंधी कल्याण समिति के पूर्व प्रदेश महामंत्री

## संदेशखाली पहुंची सीबीआई, जांच शुरू की

**कोलकाता।** सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम शनिवार को संदेशखाली पहुंची। सीबीआई टीम ने संदेशखाली पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें दर्ज कीं। टीम के कुछ सदस्यों ने घर-घर जाकर पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे पूरी जानकारी ली। वहीं दूसरी टीम स्थानीय पुलिस स्टेशन गई और पुलिस से मामले से जुड़ी जानकारी हासिल की। सीबीआई टीम ने बताया कि हमने संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और जमीन कब्जाने के मामले की जानकारी ली और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीते हफ्ते ही सीबीआई को संदेशखाली मामले की जांच करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सीबीआई को जांच कर अदालत में जांच रिपोर्ट देने को कहा है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों पर संदेशखाली में लोगों की जमीन कब्जाने और महिलाओं का यौन शोषण करने का गंभीर आरोप है। शाहजहां शेख समेत अन्य आरोपी जेल में बंद हैं। संदेशखाली के आरोपों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली में अगर यौन उत्पीड़न के आरोप एक प्रतिशत भी सही हैं तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को भी फटकार लगाई थी। संदेशखाली बीते काफी समय से चर्चाओं में बना हुआ है। बीती 5 जनवरी को ईडी की टीम जब राशन घोटाले में शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी, उस वक्त ईडी टीम पर हमला हुआ, जिसमें कई अधिकारी घायल हुए थे। इसके बाद जब शाहजहां शेख फरार था, उसी दौरान संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन कब्जाने के मामले का खुलासा हुआ।

## कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या को लेकर एबीव्हीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**बंगलूरू।** हुबली के बीवीबी कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर राजनीति जारी है। यह मुद्दा कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान में तब्दील हो गया है। भाजपा राज्य सरकार पर लगातार निशाना साध रही है। उसका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और सिद्धारमैया मस्त हैं। वहीं, एबीवीपी कार्यकर्ता लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## बुर्का पहनकर फर्जी वोट डालने पहुंचीं 2 महिलाएं गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 68.29 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बुर्का पहने दो लड़कियों को महिला पुलिसकर्मी ने थप्पड़ मारा और गिरफ्तार कर लिया। इस वीडियो को शेयर कर दावा किया जा रहा है कि इन महिलाओं से बुर्का पहनाकर फर्जी वोटिंग करवाई गई। इस वीडियो को इसी दावे के साथ एक्स पर कई यूजर्स ने शेयर किया। फ्रंटल फोर्स नाम के वेरिफाइड यूजर ने लिखा- बुर्के की आड़ में फर्जी वोटिंग करती पकड़ी गईं महिलाएं, यही कारण है कि विपक्ष बुर्का हटाकर पहचान की जांच नहीं करने को कह रहा है। खुद को पीएम मोदी का समर्थक बताने वाले वेरिफाइड यूजर जितेंद्र प्रताप सिंह ने लिखा- सलमा नगमा आदि को बुर्का पहनाकर फर्जी वोट करवाया जाता रहा है। इस बार सख्ती है तो ऐसे बहुत सी फर्जी वोटिंग के लिए आ रही ख्वातीन पकड़ी जा रही है।

## राज्य की 50 प्रतिशत से अधिक सीटें जीतेगी महाविकास अघाड़ी : शरद



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी राज्य की 50 प्रतिशत से अधिक लोकसभा सीटें जीतेगी। महाराष्ट्र के अहमदनगर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि कुछ सीटों को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खींचतान जरूर है लेकिन इस पर ध्यान देने का मतलब नहीं है। व्यापक रूप से गठबंधन के सभी नेताओं का लक्ष्य एक ही है कि वे अधिक से अधिक सीटें जीतें, जिससे राज्य में एक स्थिर सरकार बनाई जा सके। उन्होंने भाजपा के अबकी बार- 400 पार वाले नारे को गलत बताया है।

पहले चरण में महाराष्ट्र की पांच सीटों पर हुए में मतदान में कम वोटिंग का मुख्य कारण पवार ने भीषण गर्मी को बताया है। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अतीत में इससे पहले कभी भी केंद्रीय एजेंसियों का इतना दुरुपयोग नहीं हुआ, जितना अब हो रहा है। वहीं, एक दिन पहले पुणे जिले के पुरंदर में पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे पर अब कोई चर्चा नहीं कर रहा है। भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। राम मंदिर का मुद्दा अब खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि एक बैठक में कुछ महिलाओं ने शिकायत की और बताया कि वहां भगवान राम की मूर्ति तो प्रतिष्ठित कर दी गई है लेकिन माता सीता को प्रतिष्ठित नहीं किया गया है। पवार की टिप्पणी पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी। राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री को कोई भी टिप्पणी करने से पहले राम मंदिर के बारे में जानकारी एकत्र करनी चाहिए। बावनकुले ने कहा कि भगवान राम वहां अपने बाल रूप में हैं लेकिन पवार साहब सिर्फ राजनीति करने में जुटे हैं। पवार साहब अपनी बहु को बाहरी बताते हैं तो माता सीता के बारे में उनकी टिप्पणी सिर्फ पाखंड के अलावा और कुछ नहीं है। दरअसल, हाल ही में उन्होंने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से कहा था कि उनकी बेटी सुप्रिया सुले असली पवार हैं और एक बाहर से आ रही हैं।

## देश आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव को तैयार

### तीन नए कानूनों को लेकर बोले चीफ जस्टिस चंद्रचूड़



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों को समाज के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया। सीजेआई चंद्रचूड़ अपराध के न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील मार्ग पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून तब सफल होंगे, जब हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नए लागू कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच के लिए यह बदलाव करना बहुत जरूरी था।

## झरोखा




## सिसोदिया ने चुनाव प्रचार के लिए जमानत मांगी



**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़ी सीबीआई और ईडी केस में रेगुलर जमानत की मांग वाली मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा से कहा कि सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट ने सिसोदिया को केस का मास्टरमाइंड माना है। वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन इसे वापस ले लिया। मनीष शराब नीति घोटाला केस में तिहाड़ में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। सिसोदिया जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक याचिका लगा चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी याचिका खारिज हो गई। मार्च 2024 में सिसोदिया ने ट्रायल कोर्ट में दोबारा जमानत अर्जी लगाई है, जिस पर सुनवाई बाकी है।

## हम इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लाएंगे : निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर फिर विवाद हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को फिर से वापस लाएंगे। इसके लिए पहले बड़े स्तर पर सुझाव लिए जाएंगे। सरकार के दोबारा से इलेक्टोरल बॉन्ड लाने की बात पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि इस बार वे कितना लूटेंगे।

इससे पहले 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा- हम जानते हैं कि भाजपा ने पे पीएम ने घोटाले से 4 लाख करोड़ की लूट की। अब वे लूट जारी रखना चाहते हैं। जरा इन तरीकों पर ध्यान दें। पे पीएम 1- चंदा दो, धंधा लो। 2. पोस्टपेड घूस- ठेका दो, रिश्वत लो। प्री-पेड और पोस्टपेड के लिए घूस- 3.8 लाख करोड़। 3. पोस्ट-रेड घूस- हफ्ता वसूली। पोस्ट-रेड घूस की कीमत- 1853 रुपए। 4- फर्जी कंपनियां- मनी लॉन्ड्रिंग। फर्जी कंपनियों की कीमत- 419 करोड़। अगर वे जीते और इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लेकर आए तो इस बार कितना लूटेंगे?



कपिल सिब्बल ने कहा- मैं निर्मला सीतारमण का सम्मान करता हूं। एक इंटरव्यू में वे कह रही हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड को फिर से लाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जब पहली बार ये स्कीम ट्रांसपेरेंसी को ध्यान में रखकर लाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि इसमें पारदर्शिता नहीं थी। वे (सरकार) इसे नॉन-ट्रांसपेरेंट तरीके से लेकर आए। अब समस्या है कि उनके पास इस चुनाव के लिए तो पैसा है, लेकिन वे ये भी जानते हैं कि अगर हार गए तो भी पैसे की जरूरत होगी। मैं मोहन भागवत से पूछना चाहता हूं कि वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। शीर्ष कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक करार दिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था, पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनियों पर कहा था- किसी एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है।

2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला।

2017 के बजट में उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने चुनावी या इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को पेश किया था। 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने इसे नोटिफाई किया। ये एक तरह का प्रोमिसरी नोट होता है। जिसे बैंक नोट भी कहते हैं। इसे कोई भी भारतीय नागरिक या कंपनी खरीद सकती है। अगर आप इसे खरीदना चाहते हैं तो आपको ये स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चुनी हुई ब्रांच में मिल जाएगा।

# सोशल मीडिया के दौर में सही सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु जनसंपर्क आवश्यक : डॉ बाला लखेंद्र

## जनसंपर्क के महत्व और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**सिंगरौली।** भारत के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में आज जनसंपर्क एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जनसंपर्क एक बहुत ही रचनात्मक विधा भी है जिसके जरिये किसी भी सरकारी,गैर सरकारी संस्थान, संगठन के कार्यो को जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है। वर्तमान में जनसंपर्क हर क्षेत्र से जुड़े संस्थान के लिए बेहद जरूरी है,जनसंपर्क के जरिए जहां एक ओर जन जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर जनहित में किए जा रहे कार्यो को भी जनसंपर्क के माध्यम से जनता के बीच रखा जा सकता है। सोशल मीडिया के दौर में जनसंपर्क सही सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु और अधिक आवश्यक हो गया है।

जनसम्पर्क पब्लिक रिलेशन का सीधा अर्थ है जनता से संपर्क रखना। जनसम्पर्क एक प्रक्रिया है जो एक उद्देश्य से व्यक्ति या वस्तु की छवि महत्व एवं विश्वास को समूह अथवा समाज में स्थापित करने में सहायक होती है। जनसंचार के विभिन्न माध्यमों से समाज या समूह से जीवन्त



सम्बन्ध बनाने में यह एक सेतु का कार्य भी करता है। जनसंपर्क की शुरुआत और आवश्यकता औद्योगिक क्रांति के साथ मानी जाती है। एक दूसरे के साथ संपर्क बनाने हेतु जनसंपर्क बहुत आवश्यक है। जनसंपर्क का मूल उद्देश्य अपनी मूल संस्कृति व भारतीय विरासत को लोगों तक पहुंचना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से बड़ा कोई इतिहास में जनसंपर्क स्थापित करने वाला व्यक्ति नहीं हुआ, जो उनसे मिला उनका होकर रह गया। उक्त बातें जनसंपर्क दिवस से एक दिन पूर्व आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय पत्रकारिता जन संप्रेषण विभाग के आचार्य डॉ बाला लखेंद्र ने कही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर गुरु प्रताप सिंह ने कहा कि संपर्क और संवाद के बिना कोई भी संगठन खड़ा नहीं किया जा सकता है। आदिकाल से लेकर वर्तमान काल तक जनसंपर्क के महत्व पर जोर देते हुए सारगर्भित व्याख्यान प्रोफेसर सिंह की तरफ से उपस्थित जनसमूह को सुनने को मिला। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित डॉ ओमप्रकाश ने कहां की यदि आपको जनसंपर्क की कला आती है तो आधी बात आपके कहने की तरीके से ही समाप्त हो जाती है। हर व्यक्ति जनसंपर्क का विद्यार्थी है और समय आपको संवेदनशील बनाता है। जनसंपर्क से जुड़कर हम समाज राष्ट्र को जोड़कर आगे बढ़ते हैं। जनसंपर्क दिवस के एक दिन पूर्व जनसंपर्क के महत्व और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ सांस्कृतिक समिति और शोध बीएचयू शोध छात्र रंजीत राय द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को एनटीपीसी परिसर स्थित काशी विद्यापीठ सभागार में किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि प्रोफेसर गुरु प्रताप सिंहए मुख्य वक्ता डॉ बाला लखेंद्र और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ओम प्रकाश ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना उपरांत अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर मानिकचंद पांडे और धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र रंजीत राय ने किया। इस अवसर पर काशी विद्यापीठ आचार्य परिवार सहित प्रबुद्धजन, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# देर रात तक सभी मतदान दल लौटकर मतदान सामग्री किए जमा

## सभी मतदान केन्द्रों की वोटिंग मशीनें स्ट्रांग रूम में सील

सिंगरौली

लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद मतदान दल देर रात तक वापस लौटे। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि जिले के कुछ मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी मतदान जारी रहा। मतदाताओं को पीठासीन अधिकारियों ने पर्ची देकर मतदान कराया। मतदान समाप्त होने के बाद देर रात तक सभी मतदान दल जिला मुख्यालय वापस लौट आए।




कलेक्टर ने बताया कि देर रात तक सभी दलों से सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सामग्री, वोटिंग मशीनए मत पत्र लेखा तथा पीठासीन अधिकारी डायरी संकलित की गई। सभी वोटिंग मशीनें को स्ट्रांग रूम में सील बन्द की गई। मत पत्र लेखा एवं अन्य चुनाव सामग्री संकलित की गई। इसके आधार पर पूरे जिले के सभी 817 मतदान केन्द्रों के कुल मतदान की संख्या प्राप्त कर उसे संकलित किया गया। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन अलग-अलग स्ट्रांग रूम में तीनों विधान सभा क्षेत्रों की वोटिंग मशीनें सील बन्द की गई हैं। चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किए गए सभी वाहन प्रातः काल तक मुक्त कर दिए गए हैं। जैसे-जैसे मतदान दल पहुंचते गए उनके उपयोग के लिए अधिग्रहित वाहन मुक्त किए जाते रहे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, एसडीएम चितरंगी सुरेश जादव, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मौसमी बीमारियों का बढ़ रहा प्रकोप

## चिकित्सालय के साथ-साथ क्लीनिकों में भीड़



**सिंगरौली।** मौसम के बनते बिगड़ते तेबर से जिलेभर में मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या दिनों- दिन बढ़ती जा रही है। मलेरिया की बीमारी को रोकने स्वास्थ्य अमला के पास दवाओं, डीडीटी एवं ब्लीचिंग पावडर की कमी दिखाई दे रही है। ज्ञात हो कि प्रदेश के सुदूर अंचल एवं भौगोलिक विषमता वाले सिंगरौली जिले में इन दिनों वायरल, फिवर, मलेरिया एवं पीलिया और आन्ज शोद बीमारी जगड़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य अमला द्वारा न तो मलेरिया वायलर फिवर की गोलियां दी जा रही है और न ही स्लाइड टेस्ट में चिलचस्पी दिखा रही हैं। यदि मलेरिया टेस्ट के कुछ नमूने भी लिये गये तो स्लाइड टेस्ट के नतीजे से भी बेखबर रहते हैं कि उन्हे आखिर मलेरिया है या और कुछ बीमारी है। स्लाइड की रिपोर्ट का इंतजार करते- करते मलेरिया बिगड़ जाती है। यहां तक कि यह स्थिति उत्पन्न हो जाती है कि रोगी काल के गाल में भी समा जाते हैं। लेकिन जिले भर में इन दिनों फैली मौसमी बीमारियों के कहर से बचाने वाला स्वास्थ्य अमला दिखाई नहीं दे रहा है।

### मच्छरों का आतंक

बताया जाता है स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया उन्मूलन के लिये जहां मच्छरों कीटाणुओं को नष्ट करने डीडीटी घोल का छिड़काव किया जाता था। और दूषित पेयजल से बचाव के लिये ब्लीचिंग पावडर एवं क्लोरीन की गोलियां दी जाती थी लेकिन अब वो भी नहीं बाटी जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता मच्छरों व दूषित पेयजल पीने के लिये मजबूर हो रहे हैं।

### क्लीनिकों में लगी भीड़

देखा जाय तो इन दिनों वायलर फिवर,मलेरिया, पीलिया के रोगियों की भारी भीड़ जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के साथ-साथ शहर के क्लीनिकों और कस्बो में कुकुरमुत्तों की तरह फैली नीम हकीमों की दवाखानों में मरीजों की भारी भरकम भीड़ देखने को मिल रही है। यहां तक कि जिला चिकित्सालय में भी मरीजों का ताता लगा रहता है। लेकिन ज्यादातर चिकित्सालय में चिकित्सकों के न बैठने से मरीजों को काफी हलाकान भी होना पड़ रहा है।

# पारा पहुंच 40 पार, सूर्य ने उग्र रूप धारण किया

## भीषण गर्मी से परेशान लोग

**सिंगरौली ।** गर्मी अपने पूरे शबाव पर है। सूर्य भगवान अपने उग्र रूप धारण कर चुके है। पारा 40 पार पहुंच गया है। दोपहर में स्थिति ऐसी हो जाती है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। सूर्य के रौद्र रूप के कारण लोगों का घर से निकलना दुभर कर दिया है। आलम यह है कि दिनों दिन सूर्य देव ने अपने तेवर को और तीखा रूप दिखा रहे है। जिससे सुबह 9 बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटे का माहौल निर्मित हो जाता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष गर्मी ने अपने पुराने रिकार्डो को तोड़ दिया है। अभी तो नौतपा बाकी है। अगर इसी तरह गर्मी ने अपना तेवर दिखाता रहा तो आने वाले दिनों में गर्मी से लोगों का रहना दुभर हो जाएगा। शनिवार को प्रचंड गर्मी ने अपना तेवर दिखाते हुए सुबह से ही आसमान से गर्मी के गोले उगलने लगा और 10 बजे से ही सड़कों पर निकलने में लोगों की हाय तौबा शुरू हो गयी। दोपहर में भीषण गर्मी के कारण ऐसा माहौल बना रहा कि शहर में चारों ओर सन्नाटा पसरा है। जरूरी कार्य में लोगो को घरों से निकलना पड़ा वो भी सिर व चेहरे में तौलियां व चश्मा लगाकर ही बाहर निकले। आज के दिन की गर्मी लोगों को कुछ ज्यादा ही परेशान किया।



# सिंगरौली जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर दुधमनिया में सामूहिक उपनयन संस्कार 26 को

**सिंगरौली।** जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया में 26 अप्रैल को मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है गुंजारी लाल तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं जो उपनयन संस्कार में राशि खर्च करने के बाद बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते उनका मानना है कि जो उपनयन संस्कार में खर्च आता है अगर उसका बचत हो जाए तो उसी पैसे से बच्चों को पढ़ाया जा सकता है उन्होंने कहा कि मैं स्वयं अपने दो बच्चों को सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल किया हूं उनके उन्होंने कहा कि जिले के बच्चे हो या जिले से बाहर सभी को सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल किया जाएगा श्री तिवारी ने कहा कि समय से बच्चों के परिजन सूचित कर दें जिससे सामान की खरीदारी बच्चों के कपड़े की खरीदारी सही समय पर किया जा सके श्री तिवारी ने यह भी कहा कि कई विद्वान पंडितों को उपनयन संस्कार में बुलाया गया है अच्छे वैदिक उच्चारण एवं विधि विधान से उपनयन संस्कार का कार्य कराया जाएगा उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई गरीब ही नहीं सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल होता है बल्कि सभी लोग मंदिर प्रांगण के होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार में अपने बच्चों को शामिल कर सकते हैं कहीं ना कहीं यह गुंजारी लाल तिवारी द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया जा रहा है वैसे यह पहला वर्ष नहीं है जो श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनियां में उपनयन संस्कार कराया जा रहा है बल्कि पिछले वर्ष भी यहां सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जा चुका है गुंजारी लाल तिवारी ने अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि हमारे इस नंबर 8770681374 पर लोग संपर्क कर मुझे अपने बच्चों के कपड़ों का साइज बता सकते हैं जिससे समय रहते बच्चों के लिए कपड़ों की खरीदारी किया जा सके

# कलेक्टर ने जताया आभार



**सिंगरौली।** लोक सभा निर्वाचन के लिए जिले की तीनो विधानसभा क्षेत्रों में शांति पूर्वक मतदान संम्पन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होनें ने कहां कि सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं सौंपे गये उत्तर दायित्व के ठीक से निर्वाहन के कारण मतदान र्निविघ्न संम्पन्न हुआ। किसी क्षेत्र से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। सभी मतदान केन्द्रों में सुगमता के साथ मतदान संम्पन्न हुआ। कलेक्टर ने मतदान के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात सभी पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उन्होनें ने सभी सेक्टर आफिसरों,पीठासीन अधिकारियों मतदान अधिकारियों तथा मतदान से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बाजार से लौटते समय दर्दनाक हादसा, टायर फटने से पलटे ट्रैक्टर ट्रॉली, एक की मौत

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के तीनगुड़ी चौकी इलाके में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। टायर फटने से एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें आग लग गई। इस हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है। बताया जा रहा है कि मकरी निवासी नरेंद्र गुप्ता (26 वर्ष) अपने परिवार के साथ बकहुल बाजार से किराना का सामान लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में बकहुल मार्ग जो जंगल से लगा हुआ है, वहां ट्रैक्टर का टायर फट गया। जिससे ट्रॉली का बैलेंस बिगड़ा और ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गए। हादसे में ट्रैक्टर में आग लग गई और आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रैक्टर चालक नरेंद्र गुप्ता की दबने और आग लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रॉली में सवार उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरई थाना पुलिस के अनुसार, नरेंद्र गुप्ता और उनका परिवार बकहुल बाजार में किराना का सामान बेचने आए थे। सामान बेचने के बाद वे घर लौट रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। इस हादसे से नरेंद्र गुप्ता के परिवार में मातम का माहौल है। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। इस घटना से एक बात समझ आती है कि समय समय पर अपने वाहन की सर्विस कराते रहना चाहिए। किसी भी गाड़ी को चलाते समय सावधानी और नियमों का पालन करने से हादसों को टाला जा सकता है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रो में मीनू दरकिनार,पोषण आहार खा रहे है मवेशी

## महिला बाल विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन

**सिंगरौली।** जिले में शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर संचालित हो रही आंगनबाडी केन्द्रो में मीनू के अनुसार भोजन नही मिल रहा है। वहीं सरकार द्वारा जो पोषण केन्द्रो के लिए भेजा जा रहा है वह पोषण बच्चों व गर्भवती महिलाओं को न देकर मवेशियों को खिला रहे हैं। भ्रमण के दौरान पता चला कि जिले में बहुत ऐसी आंगनबाड़ी केन्द्र जिनका ताला ही नही खुलता और जहां खुला भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अनुपस्थिति रहती है केवल सहायिकाओं के भरोसे आंगनबड़ी केन्द्र संचालित हो रही है। सैकड़ो की संख्या में शहरी और ग्रामीण केन्द्रो में संचालित होने वाली शिशुओं की कल्याण योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। स्व-सहायता समूह के माध्यम से दिए जाने वाले रूचिकर भोजन भी अब बंद हो चला है। शासन की लगातार घोषणाओं के बाद भी मिड डे मिल की योजना पर समूहों की भर्रेशाही हाबी हो चुकी है। उपस्थिति अधिक दर्शाने का काम आंगनबाड़ी केन्द्रो से लेकर शासकीय स्कूलों तक फैला हुआ है उसी के मुताबिक स्व-सहायता समूह भोजन का वितरण दर्शाकर शासकीय खाद्यान्न का उठाव कर रहे हैं तो बिल बाउचर लगाकर लाखों की रकम हजम कर रहे हैं।

### केन्द्रो से मीनू गायब

बताया जाता है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्व-सहायता समूह द्वारा दिए जाने वाले भोज्य पदार्थो के लिए पूरे सप्ताह की सूची चस्पा की जा चुकी है। वावजूद संबंधित




जन मीनू से कोई मतलब नहीं रखते। जब महिला बाल विकास अधिकारी द्वारा मौसमी सब्जियों को देने का हवाला दिया था फिर भी मासूम को पौष्टिक और ताजे खाने का सपना सपना ही रह गया जबकि कागजों पर सब ठीक ठाक चल रहा है।

### टीकाकरण पर ध्यान नहीं

देवसर एवं सरई क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रो पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण भी कागजों तक ही सीमित रह गया है। सात जरूरी टीको के साथ ही विटामिन एक की खुराक, गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोलिया और आयोडीन की मात्रा वाली दवाएं संभव नही हो सका । संस्थाओं में नामित हितग्राहियों की शिकायतें एवं किसी प्रकार परेशानी की जानकारी विभाग को नहीं दी जाती है और जिले के जिम्मेदार अधिकारी दूर-दराज होने के कारण केन्द्रो पर नही पहुंच पाते है। जिसके कारण केन्द्र की स्थिति को सामान्य मान लिया जाता है।

### योजनाओं में बरती जा रही लापरवाही

बच्चों को बीमारियों से बचाने और स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के तमाम उपायों के वावजूद कुपोषण एवं पुर्नवास के न्द्र में कुपोषित बच्चों का लगातार आना जारी है। विभागीय जानकारी के मुताबिक प्रदेश में 0 से 05 वर्ष तक उम्र का हर दूसरा बच्चा कुपोषित है यह आंकड़ा सिंगरौली जिले के योजनाओं में बरती जा रही लापरवाही के कारण बताया जाता है।

### पोषण आहार खा रहे मवेशी

शिशु और धात्री महिलाओं के लिए केन्द्रो में भेजा जाने वाला पोषण आहार खिचड़ी पंजीरी आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सीधे बाजार में दूध विक्रेताओं के हवाले कर कमाई कर ली जाती है। जिसकी जानकारी भी महिला बाल विकास विभाग के ओहदेदारों को दी जा चुकी है लेकिन समुचित कार्यवाही के अभाव में स्थिति में सकारात्मक सुधार नहीं देखने को मिल रहा है।

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में 56.50 प्रतिशत हुआ मतदान

## 56.83 प्रतिशत पुरुष तथा 56.16 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने किया मतदान

**सीधी।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में 56.50 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 56.83 तथा महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 56.16 रहा।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 76-चुरहट में कुल 49.66 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 49.58 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 49.74 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 266120 मतदाताओं में से 132167 मतदाताओं ने मतदान किया है। 138264 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 68779 मतदाताओं ने तथा 127854 महिला मतदाताओं में से 63388 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 77-सीधी में कुल 49.55 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 49.05 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 50.02 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 259206 मतदाताओं में से 128439 मतदाताओं ने मतदान किया है। 133991 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 67020 मतदाताओं ने तथा 125212 महिला मतदाताओं में से 61418 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 78-सिहावल में कुल 52.44 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 53.63 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 51.35 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 255306 मतदाताओं में से 133871 मतदाताओं ने मतदान किया है। 133839 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 68733 मतदाताओं ने तथा 121466 महिला मतदाताओं में से 65138 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 82-धौहनी में कुल 60.41 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 61.65 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 59.24 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 254871 मतदाताओं में से 153974 मतदाताओं ने मतदान किया है। 130923 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 77557 मतदाताओं ने तथा 123948 महिला मतदाताओं में से 76417 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 79-चितरंगी में कुल 56.59 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 55.72 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 57.41 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 252224 मतदाताओं में से 142739 मतदाताओं ने मतदान किया है। 130482 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 74910 मतदाताओं ने तथा 121742 महिला मतदाताओं में से 67829 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 80-सिंगरौली में कुल 59.54 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 56.42 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 62.34 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 218469 मतदाताओं में से 130066 मतदाताओं ने मतदान किया है। 114968 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 71669 मतदाताओं ने तथा 103496 महिला मतदाताओं में से 58397 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-देवसर में कुल 61.99 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 58.51 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 65.26 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 242616 मतदाताओं में से 150397 मतदाताओं ने मतदान किया है। 124992 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 81572 मतदाताओं ने तथा 117622 महिला मतदाताओं में से 68825 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 83-ब्यौहारी में कुल 62.40 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 64.32 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 60.60 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 279639 मतदाताओं में से 174497 मतदाताओं ने मतदान किया है। 144136 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 87346 मतदाताओं ने तथा 135502 महिला मतदाताओं में से 87150 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

## शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के तहत जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं सौंपे गये उत्तर दायित्व के ठीक से निर्वाहन के कारण मतदान निर्विघ्न संपन्न हुआ। किसी क्षेत्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सभी मतदान केन्द्रों में सुगमता के साथ मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर ने मतदान के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात सभी पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी सेक्टर आफीसरों, पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों तथा मतदान से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में महत्वपूर्ण दस्तावेजों तथा प्रपत्रों की स्क्रूटनी की गयी



**सीधी**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तारतम्य में मतदान के उपरांत जमा किये गये महत्वपूर्ण कागजात व प्रपत्रों की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) की उपस्थिति में स्क्रूटनी की गयी। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में सम्मिलित सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रपत्रों व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) ने अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विधानसभावार स्क्रूटनी की तथा मतदान के दौरान भरे गये कागजात के विषय में जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में रखी गयीं

### सामान्य प्रेक्षक व अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सिलसिले में गत दिवस 19 अप्रैल 2024 को हुये मतदान के उपरांत सीधी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग में लायी गयी ईवीएम मशीनों को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) तथा अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्ट्रांग रूम को सील भी कर दिया गया। मतदान उपरांत विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम मशीनों को लेकर मतदान दल के सदस्य 19 अप्रैल की रात्रि में जिला मुख्यालय स्थिति स्ट्रांग रूम आना शुरू हो गये थे। देर रात तक इन सभी मशीनों को जमा करने के उपरांत विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र बल के हथियारधारी जवान चौबीसों घण्टे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिये तैनात किये गये हैं। मतगणना दिवस 04 जून 2024 को स्ट्रांग रूम खोला जायेगा।

## जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग, जेल प्रशासन के सहयोग एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला जेल सीधी में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के उद्देश्य से शनिवार दिनांक 20.04.2024 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ श्रीमती रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश, श्री वीरेन्द्र जोशी




सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय विशेषज्ञों तथा जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह पैनल लॉयर श्रीमती चन्द्रकृपा अवधिया, श्री अरविंद शुक्ला, श्री बाबूलाल पटेल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स श्री अरविंद कुमार पटेल, श्रीमती आशा शुक्ला, श्री अजीत कुमार वर्मा, श्री प्रवीण शुक्ला, श्री राकेश गुप्ता, श्री श्यामसुंदर द्विवेदी, सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, जेल में पदस्थ पी.एल.वी. श्री विवेक शुक्ला, एवं श्री शिवरतन यादव तथा जेल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली वार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी गई। बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई। उक्त विशेष चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में महिला एवं पुरूष बंदियों का एच.आई.वी., कैंसर, टी.वी. तथा अन्य बीमारी के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जाँच की जाकर बंदियों को दवा उपलब्ध कराई गई।

## 216 अतिथि शिक्षकों को सौंपा विशेष पुलिस अधिकारी का दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान स्थल एवं अन्य ड्यूटी के लिए 216 अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) नियुक्त किया है। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 17 (2) में निहित प्रावधान के तहत मतदान केन्द्रों और अन्य सुरक्षा ड्यूटियों के लिए नियुक्त एसपीओ को 25 से 27 अप्रैल तक के लिए उक्त दायित्व सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पुलिस लाइन पन्ना में आयोजित प्रशिक्षण में संबंधित अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

## होमगार्ड सैनिक को कारण बताओ नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने लोकसभा निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर होमगार्ड सैनिक राममूर्ति शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर समाधानकारक जवाब चाहा है। होमगार्ड सैनिक द्वारा गत दिवस प्रथम भ्रमण की होम वोटिंग की ड्यूटी में लापरवाही बरती गई। सेक्टर अधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह के साथ होमगार्ड सैनिक की ड्यूटी निर्धारित की गई थी, लेकिन सुबह 9.30 बजे तक उपस्थित नहीं होने और मोबाइल पर संपर्क करने के बावजूद संपर्क नहीं होने तथा अत्यधिक विलंब से ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर सेक्टर अधिकारी से अभद्रता की गई। इस स्थिति पर दूसरे होमगार्ड सैनिक प्रताप सिंह ठाकुर के साथ सेक्टर अधिकारी द्वारा चुनाव ड्यूटी का निर्वहन किया गया।

## मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे।

## मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

**पन्ना।** लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारंभ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ता उपस्थित रहना चाहिए। यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

## कांग्रेस नेता मृगेन्द्र सिंह गहरवार ने भी थामा भाजपा का दामन

### मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की मौजूदगी में साथियों के साथ हुए शामिल

### कांग्रेस में योग्यता और संघर्ष का नहीं रहा स्थान, इस लिए छोड़ी पार्टी




**पन्ना।** सबसे लम्बे समय तक भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रहे मृगेन्द्र सिंह गहरवार आज अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं खजुराहो से प्रत्याशी वीडी शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री दिलीप अहिरवार, लोकसभा संयोजक सतानंद गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा की मौजूदगी में सभी का भाजपा में स्वागत किया गया। भाजपा के जिला कार्यालय में देर रात पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान मृगेन्द्र सिंह गहरवार के साथ आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला संयोजक निरंजन जडिया, मार्शल आर्ट खिलाड़ी एवं कोच इरफान उल्ला खान, युवा नेता दीपक मिश्रा, अर्णव त्रिवेदी, आशीष गुप्ता, दीपचन्द्र अग्रवाल, नेत्र चिकित्सक रामराज पाण्डेय, मोहित यादव राजापुर अजयगढ़ सहित करीब सैंकड़ा भर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरतलब है कि मृगेन्द्र सिंह गहरवार कांग्रेस के युवा नेता रहे है और 14 वर्षों तक एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रहे। इस दौरान उन्होंने विसम परिस्थितियों में भी लगभग प्रत्येक छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई का परचम लहराया और कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने में अग्रणी रहे। कांग्रेस के सभी कार्यक्रम प्रर्दशनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती थी। मृगेन्द्र सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी का काम किया। लेकिन वर्तमान में कांग्रेस में संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा था। जिसके चलते मैनें कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस के सभी दायित्वों को छोड़ दिया था। जिसकी आधिकारिक घोषणा भीकी थी। बावजूद इसके कांग्रेस के किसी भी नेता ने उन्हें समझाने तक का प्रयास नहीं किया। कांग्रेस को जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोगों की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आला नेताओं के कुछ फैसलों से भी वे आहत हुए, जिसमें हमारे आराध्य भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाना प्रमुख है। यही कारण है कि अब उन्होंने भाजपा में जाने का फैसला किया है। विदित हो कि मृगेन्द्र सिंह गहरवार जैसे नेताओं के भाजपा में जाने से कांग्रेस को खासा नुकसान होगा और कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता के मनोबल पर भी प्रभाव पड़ेगा।

## आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 28 अप्रैल को, केन्द्राध्यक्ष नियुक्त

**पन्ना।** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर आवासीय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए रविवार, 28 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से 1 बजे तक निर्धारित है। जिला मुख्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास आगरा मोहल्ला पन्ना को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने परीक्षा संपन्न कराने के लिए शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय के प्राचार्य को परीक्षा केन्द्र अधिकारी नियुक्त कर संपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए केन्द्राध्यक्ष का दायित्व भी सौंपा है।

## मतदान केन्द्र पहुंचकर जरूर करें मताधिकार का उपयोग : कलेक्टर

**पन्ना**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 26 अप्रैल को पूरा पन्ना लोकसभा में मतदान कर रहा है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान में मतदान केन्द्र और पोलिंग पार्टी तैयार है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं के नाम बुंदेली भाषा में पाती लिखकर लोकसभा निर्वाचन में मतदान का आह्वान किया।



जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में बुन्देली पाती के माध्यम से सभी मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित कर मतदाता जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका वाले विभागों के अधिकारियों से चर्चा की गई और सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए दायित्वों के बेहतर निर्वहन की अपेक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी और अधिकारियों की टीम द्वारा बुंदेली पाती का प्रदर्शन कर अधिकाधिक मतदान का संकल्प भी व्यक्त किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी, सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले एवं ओ.टी. मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी. मिश्रा, डीपीसी अजय गुप्ता, आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# सुरक्षा बलों को कामयाबी

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई से माओवादियों की कमर टूटी गई है। जिस कुशलता से उसे अंजाम दिया और इस दौरान केंद्र से लेकर राज्य और जिला स्तर तक जिस तालमेल के साथ उस टीम को सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई- वह सब गौर करने लायक है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को माओवादियों से हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी सामान्य नहीं है। मारे जाने वाले माओवादियों की बड़ी संख्या इसका सिर्फ एक पहलू है। जिस तरह से सुरक्षा बलों ने माओवादियों की मौजूदगी की सूचना हासिल की, अलग-अलग सूत्रों से उसकी पुष्टि कराई, जिस तरह से ऑपरेशन की योजना तैयार की, जिस कुशलता से उसे अंजाम दिया और इस दौरान केंद्र से लेकर राज्य और जिला स्तर तक जिस तालमेल के साथ उस टीम को सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई- वह सब गौर करने लायक है। स्थानीय प्रशासन ने इस बात की पुष्टि की है कि बस्तर संभाग में यह माओवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान है। इस पूरे क्षेत्र के नजरिए से देखा जाए तो भी यह हाल के वर्षों के बड़े अभियानों में आता है। लेकिन इसकी अहमियत इस मामले में भी है कि कई ऐसे नाम एक साथ पुलिस कार्रवाई की जद में आ गए जो इस क्षेत्र में माओवादी अभियानों की अगुआई करने के लिए जाने जाते रहे थे। इस लिहाज से यह सुरक्षा बलों की ओर से इस क्षेत्र में वामपंथी अतिवाद को दिया गया एक जोरदार झटका है।फिर भी इस उपलब्धि को प्रशासन की तात्कालिक तैयारियों का ही नतीजा नहीं माना जा सकता। इसके पीछे कई वर्षों से किए जा रहे प्रयासों की भी भूमिका है। इस बीच न केवल माओवाद प्रभावित कई दुर्गम इलाकों को सड़कों से जोड़ने का काम किया गया है बल्कि खास तौर पर पिछले पांच-सात वर्षों में सुदूर इलाकों में पुलिस कैंप लगाए गए हैं। यह अहम साबित हुआ है। इससे सुरक्षा बलों की टुकड़ियों को मौके पर पहुंचने के लिए ज्यादा दूरी नहीं तय करनी पड़ती। लिहाजा वे जल्दी पहुंच जाती हैं और माओवादियों को तैयारी करने का ज्यादा वक्त नहीं मिलता।इस संदर्भ में ध्यान देने लायक बात यह भी है कि पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों का रुख पहले के मुकाबले ज्यादा आक्रामक हुआ है। यह सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे जाने वाले माओवादियों की संख्या से भी स्पष्ट होता है। साल 2024 के इन साढ़े तीन महीनों में ही छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के हाथों 79 माओवादी मारे जा चुके हैं जबकि 2023 में पूरे साल के दौरान यह संख्या महज 22 थी।पहले भी माओवादियों के खिलाफ बड़े अभियान हुए हैं। लेकिन एक बड़ा फर्क यह दिखता है कि माओवादियों की तरफ से वैसी जवाबी कार्रवाई नहीं हो रही जैसी पहले हुआ करती थी। इसे इस बात का संकेत माना जा रहा है कि माओवादियों की कमर टूट चुकी है। अगर यह सच है तो भी यह सुनिश्चित करना होगा कि यह दोबारा मजबूती न हासिल कर ले। और, इसके लिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई काफी नहीं है। इसके साथ-साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच भी बढ़ानी होगी।

# इजरायल-ईरान में बढ़ी जंग तो भारत पर होगा असर?

**इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को करीबी सहयोगी देशों की ओर से संयम बरतने की अपील को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के बड़े हवाई हमले का जवाब कैसे दिया जाए। इजरायल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जवाब कब और कैसे दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हमला कर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजराइल ने सैन्य अभियान शुरू किया जो अब भी जारी है और इसके और विकराल रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है। ताजा विवाद से क्षेत्र के व्यापारी भी चिंतित हो सकते हैं और बाजार भयभीत हो सकता है।**

विजय कुलकर्णी

इस सप्ताह की शुरुआत में इजरायल पर ईरान के हमले से मध्य पूर्व और उससे परे दुनिया के बड़े हिस्से में तनाव फैल गया है। इस तनाव का असर इन दोनों देशों से इतर कई अन्य देशों पर भी पड़ सकता है। खासतौर से उन देशों पर जिनका ईरान-इजरायल के साथ व्यापारिक संबंध है। भारत भी ऐसे ही देशों में शामिल है। भारत के ईरान और इजरायल के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। यही वजह है कि भारत ने विवाद बढ़ने के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है।

### दोनों देशों में छिड़ी जंग

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को करीबी सहयोगी देशों की ओर से संयम बरतने की अपील को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के बड़े हवाई हमले का जवाब कैसे दिया जाए। इजरायल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जवाब कब और कैसे दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हमला कर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजराइल ने सैन्य अभियान शुरू किया जो अब भी जारी है और इसके और विकराल रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है। ताजा विवाद से क्षेत्र के व्यापारी भी चिंतित हो सकते हैं और बाजार भयभीत हो सकता है।

### भारत और इजरायल का व्यापार-आंकड़ों से समझिए

आइए समझते हैं कि भारत पर इसका क्या असर पड़ सकता है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच



साल में भारत-इजरायल व्यापार दोगुना हो गया है। भारत ने 1992 में इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। तब से, दोनों देशों के बीच व्यापार काफी बढ़ रहा है, जो 1992 में लगभग 200 मिलियन डॉलर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10.7 बिलियन डॉलर हो गया है। पहले दोनों देशों के बीच व्यापार ज्यादातर हीरे से जुड़ा होता था। लेकिन अब यह बहुत विस्तारित हो चुका है।

पिछले चार वर्षों में तेज वृद्धि हुई है और व्यापार दोगुना हो गया। 2018-19 में 5.56 बिलियन डॉलर से 2022-23 में 10.7 बिलियन डॉलर हो गया। 2021-22 और 2022-23 के बीच, व्यापार में 36.90 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2022-23 में, इजरायल को भारत का निर्यात 8.45 बिलियन डॉलर का था, जबकि इजरायल से भारत का आयात 2.3 बिलियन डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में पहले 10 महीनों (अप्रैल-जनवरी) के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 5.75 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान इजरायल भारत का 32 वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। विदेश मंत्रालय (एमईए) के विदेशी संबंधों पर संक्षिप्त विवरण के अनुसार, भारत एशिया में इजरायल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और विश्व स्तर पर सातवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

### भारत और ईरान का व्यापार

इजरायल के विपरीत, पिछले पांच वर्षों में भारत-ईरान व्यापार में कमी आई है। 2022-23 में, ईरान भारत का 59वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 2.33 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़ोतरी से पहले, ईरान के साथ भारत के व्यापार में हाल के वर्षों में कमी देखी गई थी। यह 2021-22 में 1.94 बिलियन डॉलर से 2022-23 में 2.33 बिलियन डॉलर हो गया है।

हालांकि, पिछले तीन वर्षों (2019-20, 2020-21 और 2021-22) में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर साल-दर-साल 9.10 प्रतिशत से लेकर 72 प्रतिशत तक की कमी आई है। ईरान के साथ व्यापार 2018-19 में 17 बिलियन डॉलर के उच्च स्तर से घटकर 2019-20 में 4.77 बिलियन डॉलर और 2020-21 में 2.11 बिलियन डॉलर हो गया।

वर्ष 2014-15 में भारत-ईरान व्यापार 13.13 अरब डॉलर था। जिसमें भारतीय आयात 8.95 अरब डॉलर (जिसमें 4 अरब डॉलर से अधिक का कच्चा तेल शामिल था।) वर्ष 2019-20 में अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण व्यापार में गिरावट आई। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार भारत के कुल व्यापार का 0.20 प्रतिशत था। भारत मुख्य रूप से कृषि वस्तुओं और पशुधन उत्पादों का निर्यात करता था। इनमें मांस, स्किम्ड दूध, छाछ, घी, प्याज, लहसुन और डिब्बाबंद सब्जियां शामिल हैं। भारत ईरान से मिथाइल अल्कोहल, पेट्रोलियम बिटुमेन, द्रवीकृत ब्यूटेन, सेब, द्रवीकृत प्रोपेन, खजूर और बादाम का आयात करता है।

### क्या बढ़ेंगे पेट्रोल के दाम?

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के परिणामस्वरूप भारत में पेट्रोल की कीमतों में कोई वृद्धि होने की संभावना नहीं है। हालांकि, लाल सागर में तनाव के कारण कुछ प्रभाव पड़ सकता है। क्योंकि यह यूरोप और एशिया को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग पर स्थित है। वैश्विक व्यापार का लगभग 12 प्रतिशत इस मार्ग पर निर्भर है। नवंबर 2023 से, यमन स्थित हूथी नामक आतंकवादियों ने इस क्षेत्र से गुजरने वाले कुछ जहाजों पर गोलीबारी की थी। उनका कहना है कि यह हमला गाजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में है। वहीं इजरायल ने ईरान पर हौथियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है।

# नजरें नार्थ-ईस्ट पर

(विवेक शुक्ला)

दो दिन पहले आर. जेम्स कनॉट प्लेस के एक रेस्तरां में अपने नार्थ-ईस्ट के दोस्तों से गपशप के लिए जा रहे थे। मिलने की वजह महत्वपूर्ण थी। उन्हें चर्चा करनी थी एनई में 19 और 26 अप्रैल फिर 9 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों पर। अपने घर से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल में दिलचस्पी तो रहती ही है। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। मैं यहीं 25 मई को अपना वोट डालूंगा। हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं अब गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जगता है, मगर अरुणाचल के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था, वह भी तो भुलाया नहीं जाता। 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी गई थी।

टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं- दिल्ली पुलिस ने एनई, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों से जुड़े मसलों को देखने के लिए अलग यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और स्टाफ एनई से हैं। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का पूर्वोत्तर के लोगों को लेकर अब अधिक सेंसिटिव होना है। खैर, इस यूनिट के कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार बनी, तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट एनई के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने।



सरकार ने इस सिफारिश को माना और इससे दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा सामने आया। आज दिल्ली पुलिस में इस्थ के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं।

बहरहाल, चुनावी सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित एनई फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए एनई के खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में पहुंचते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था। इस बीच, बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रहीं मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं। इसलिए हमें यहां सेटल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल को मतदान है। जाहिर है, वह भी नगालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नगालैंड के ईसाई नागरिक आर.के.पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि एनई के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं, मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही अनेकता में एकता तो भारत की ताकत है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5346

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| ■ | 14 | | 15 | | | 16 | ■ |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 30 मई 1987 को इसे भारत के राज्य का दर्जा मिला यह भारत का 26 वां राज्य बना (2)
3. 30 मई 1981 को हमारे देश के इस पडोसी राष्ट्र के राष्ट्रपति की उनके 8 सहयोगियों के साथ हत्या की गई (4)
6. विवाह के समय वधू का वर की अंगीकार करना (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
9. कलंदर, बाजीगर (3)
10. दारचीनी जाति के पत्ते के मसाले जो तरकारी आदि में इस्तेमाल होते है (2)
11. मुस्लिमों की ईश प्रार्थना जो पांच वक्त की होती है (3)
14. निर्देशक महबूब खान की और नरगिस की यादगार भूमिका वाली फिल्म जिसमें सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार भी थे (6)
17. षोषशी, किशोरी (2)
18. दक्षिणी अमेरिका का एक देश जिसकी राजधानी जॉर्ज टाउन है (3)
20. जल की बूंद, फुहार (3)
21. हिंदी व्याकरण में अन्य पुरूष (2)
22. नारी का अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. श्री वृंदावन का एक पर्वत के बारे में ऐसी प्रसिद्धि है कि एक बार बहुत अधिक वर्षा होने पर अपने भक्तों के रक्षार्थ श्रीकृष्ण ने इसे कनिष्ठिका उंगली पर उठाया था (4)
2. सप्ताह का दिन, प्रहार करने की क्रिया (2)
3. इस वाद्य का आविष्कार मतंग ने किया था (3)
4. ग्राम, गांव, ग्राम क्षेत्र (3)
7. किसी का नाम किसी बात आदि के लिए निश्चित कर लिया गया हो (4)
12. मुकदमा, माजरा, समस्या, घटना (3)
13. अविचल, जो हिल न सके (3)
15. समुद्र, रत्नखान (4)
16. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय, घुमंतु (4)
17. भारत के प्रथम मुगल सम्राट (3)
19. वृथा, बेमतलब, व्यर्थ में (3)
20. सिलना, टांके लगाना, वक्षस्थल (2)

### वर्ग पहेली 5345 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | पा | न | ग | र | ■ | प | ना |
| क | ल | म | ल | ■ | भा | र | त |
| नी | ■ | क | त | र | ■ | वा | ■ |
| य | म | ■ | फ | त | ह | ना | मा |
| त | न | ख्वा | ह | ■ | व | ■ | या |
| ■ | मो | ■ | मी | जा | न | ■ | ■ |
| सा | ह | स | ■ | पा | ■ | शा | म |
| म | न | ही | म | न | ■ | ना | म |

# भागलपुर में कांग्रेस की मुश्किल बढ़ेगी? बुलो मंडल की जदयू में एंट्री

नारंग माधवन

राजद के भागलपुर से पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने गुरुवार को जदयू का दामन थाम लिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू प्रदेश कार्यालय में उन्हें पार्टी में शामिल कराया और उनका स्वागत किया। इस मौके पर बुलो मंडल ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नीतीश के विकास कार्यों से



प्रभावित होकर वह जदयू में शामिल हुए हैं। वहीं, आरोप लगाया कि राजद में आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हो चुका है। पहले वाला राजद अब नहीं रहा। गौरतलब है कि भागलपुर सीट महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस को जाने के बाद बुलो मंडल नाराज चल रहे थे। बुधवार को उन्होंने राजद छोड़ने का ऐलान करते हुए जदयू में शामिल होने की बात की थी। इससे पहले कटिहार में भी अशफाक करीम आरजेडी छोड़कर जदयू में आ चुके हैं।

बुलो मंडल के साथ राजद के तीन दर्जन और नेताओं ने भी जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ललन सिंह ने कहा कि बुलो मंडल के जदयू में आने से खासकर भागलपुर और पूर्णियां के क्षेत्रों में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। ललन सिंह ने मीडिया के सवाल पर बताय कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तय किया है कि सभी नेता अलग-अलग चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री की शुरू में बिहार में हुई सभाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी गए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सबको मेरे कार्यक्रम में आने की जरूरत नहीं है। सभी नेता अलग-अलग चुनाव प्रचार करेंगे।

बता दें कि बुलो मंडल ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भागलपुर में भाजपा के शाहनवाज हुसैन को हराया था। वर्ष 2019 के चुनाव में भी वह राजद के टिकट से लड़े थे, पर जदयू के अजय मंडल से वह हार गए। इस बार भागलपुर सीट महागठबंधन के तहत कांग्रेस को गयी है। गौरतलब है कि बुधवार को लालू यादव की पार्टी राजद को दोहरा झटका लगा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं, राजद के पूर्व सांसद बुलो मंडल ने भी पार्टी को छोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला लिया।

# आज का राशिफल

### मेष

आज आप अगर वाणी को नियंत्रण में नहीं रखेंगे, तो आपको बिजनेस में घाटा हो सकता है। आपके ग्राहक आपसे नाराज हो सकते हैं। वहीं, नौकरीपेशा लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सांयकाल के समय कोई रूका काम बनने की संभावना है।

### वृषभ

आज शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। साथ ही आपको इससे धन लाभ भी होने की संभावना है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### मिथुन

आज किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में अशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। सांयकाल में कोई रूका कार्य पूरा होगा।

### कर्क

आज आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। सांयकाल से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा।

### सिंह

आज का दिन सुख शांति से भरा होगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और घर व बाहर हर तरफ सम्?मान मिलेगा। आज का दिन सम्?मान में वृद्धि वाला है और आपके भाग्?य का विकास होगा। नई खोजों में भी रुचि बढ़ेगी।

### कन्या

आज भाग्य मजबूत रहेगा। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### तुला

आज कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का पराभव होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। प्रणय सम्बन्ध प्रगाढ़ता की ओर बढ़ेंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन नुकसान भरा रहेगा। आज पैसे खर्च हो सकते हैं, जिससे कि आपको परेशानी उठानी पड़ेगी। आज सेहत पर ज्यादा खर्च हो सकता है। इस वजह से आपकी बचत पर असर पड़ेगा।

### धनु

आज आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। आय में वृद्धि बढ़ने के आसार है। साथ ही आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन भी हाथ लग सकता है।

### मकर

आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। जिससे भविष्य में आपको कोई ऊंचा पद भी मिल सकता है।

### कुंभ

आज खासकर रोग की वजह से आपको बचत से कुछ पैसे निकालने पड़ सकते हैं। इसके अलावा कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सावधानी के साथ पैसों को खर्च करें।

### मीन

आज परिवार के लोगों के साथ लेन-देन न करें, सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आज चोरी होने से भी आप पर अतिरिक्त आर्थिक भार बढ़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व का सबसे ऊंचा पोलिंग स्टेशन, छह महीने बर्फ से रहता है ढका; वोटरों से मिली ईसी की टीम



**शिमला, एजेंसी।** चुनाव आयोग की टीम शुक्रवार को विश्व के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग पहुंची और यहां के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। टशीगंग समुद्र तल से 15,256 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। टाशीगंग शीत मरुथल के नाम से विख्यात लाहुल स्पीति जिले की स्पीति घाटी में स्थित है। साल में छह माह बर्फ से ढका रहता हैं। यहां ऑक्सीजन की कमी होती है। लाहौल स्पीति के सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने यहां के स्थानीय मतदाताओं के साथ विशेष बैठक कर उनकी मांगो को सुना। उन्होंने लोगों को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के पक्ष पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में टाशीगंग गांव के लोक निर्माण विभाग के अस्थाई तौर पर काम करने वाले 13 पूर्व दैनिक वेतन भोगी मजदूर और उनके परिजन विशेष तौर पर मौजूद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूर्व दिहाड़ीदार मजदूरों के साथ भी बैठक की गई। उन्होंने प्रशासन के पक्ष में विचार करने का आश्वासन दिया है। हमने लोगों को बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग में 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है। इस परंपरा को जीवित रखते हुए है एक फिर इतिहास रचते हुए लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। बता दें कि वर्ष 2019 से पहले विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र लाहुल स?पीति जिले में स्थित हिक्किम था। लेकिन 2019 में टाशीगंग को मतदान केंद्र बना दिया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थे। मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे, जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 52 मतदाता थे इनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं हैं। इस बार भी यहां पर 52 मतदाता है।

### चुनाव से बड़ा जीवन! प्रचार छोड़ अस्पताल पहुंच गई डॉ. प्रत्याशी, बचा ली नवजात की जान

**दारसी , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण खत्म हो चुका है और अब अगले चरण के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। वहीं आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव का भी प्रचार चल रहा है। इसी बीच आंध्र प्रदेश में दारसी सीट से टीडीपी की विधानसभा उम्मीदवार डॉ. गोट्टीपती लक्ष्मी ने यह साबित कर दिया है कि उनके लिए किसी की जान से कीमती चुनाव या फिर प्रचार नहीं है। दरअसल डॉ. लक्ष्मी प्रकाशम जिले में दारसी सीट से मैदान में हैं। वह गुरुवार को प्रचार के लिए निकलने ही वाली थीं कि उन्हें खबर मिली की एक प्राइवेट अस्पताल में महिला की हालत नाजुक है। वह डिलिवरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी। डॉ. लक्ष्मी ने प्रचार को किनारे रखकर तुरंत अस्पताल का रुख कर लिया और वहां पहुंचकर महिला की सी सेक्शन सर्जरी की और बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया। उनकी तत्परता की वजह से मां और बच्चे दोनों की जान बच गई। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे में बच्चे की मौत की संभावना बनी हुई थी। बता दें कि डॉ. लक्ष्मी वैसे तो राजनीतिक परिवार से ही हैं लेकिन पहली बार वह विधानसभा चुनाव में उतरी हैं। एनडीटीवी के मुताबिक डॉ. लक्ष्मी ने बताया, मां और बच्चे दोनों ही स्वस्थय हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीडीपी की जीत होती है तो वह वहां पर एक अस्पताल बनाना चाहेंगी। उन्होंने कहा, एक नए जीवन को धरती पर लाने से ज्यादा इस धरती पर कुछ भी सुख नहीं दे सकता। छोटे बच्चों की मुस्कान आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। आज का दिन बहुत ही अच्छा था। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर भी 13 मई को मतदान होने हैं। वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी। टीडीपी पूर्व मुख्यमंत्री ए चंद्रबाबू नायडू की अगुआई में चुनाव लड़ रही है। टीडीपी और भाजपा इस बार गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा पवन कल्याण की जनसेना भी इसी गठबंधन में हैं। इस बार टीडीपी 144 जन सेना 21 और भाजपा 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। फिलहाल आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की सरकार है।

# भाजपा तेज करेगी प्रचार, दूसरे दलों ने भी बदली रणनीति

## पहले चरण में कम वोटिंग ने बढ़ाई चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं के पिछली बार की तुलना में कम उत्साह से राजनीतिक दलों में चिंतन-मंथन का दौर शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ भाजपा आगे के चरणों की तैयारी में जुट गई है। आने वाले चरणों में पार्टी की कोशिश ज्यादा मतदान कराने की होगी ताकि वह बड़े लक्ष्य को हासिल कर सके। इसके साथ ही इस चरण के चुनाव में उतरे पार्टी के प्रमुख नेता अब बाकी देश में प्रचार और प्रबंधन का काम संभालेंगे।

सात चरणों के लोकसभा चुनाव का पहला और सबसे बड़ा 102 सीटों को पहला चरण शुक्रवार को पूरा हो गया। चुनाव आयोग के शुरुआती आकलन के अनुसार साठ फीसदी से ज्यादा मतदान



हुआ जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 69.43 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार पहले चरण के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर यह 60 फीसदी से कुछ ऊपर रहेगा, लेकिन पिछले आम चुनाव के पहले चरण से कम ही रहेगा। गौरतलब है कि बीते चुनाव में पहले चरण में 91 सीटों पर मतदान हुआ था, जबकि इस बार 102 सीटों पर।

### मतदान के आंकड़ों के आधार पर तय होगी रणनीति

भाजपा सूत्रों का कहना है कि हर क्षेत्र के मतदान के पूरे आंकड़े आने पर पार्टी इस पर मंथन करेगी और आगे की रणनीति तय करेगी। इससे पार्टी का प्रचार अभियान और सघन होगा और नेताओं के दौरे भी बढ़ेंगे। साथ ही अगले चरण में जिन प्रमुख नेताओं का चुनाव है वह अब खुद के क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देंगे।

सूत्रों के अनुसार मतदान के तुरंत बाद राजनीतिक दल इसके नफा नुकसान के आकलन में जुट गए हैं। भाजपा के लिए यह उसकी उम्मीद से कम मतदान है। हालांकि पार्टी का यह भी मानना है कि जब तुलनात्मक कम मतदान होता है तो वह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में होता है क्योंकि बहुत ज्यादा मतदान में सरकार से नाराजगी का भी का मुद्दा रह सकता है या फिर सरकार और उसके एजेंडे को और ज्यादा मजबूत करना हो सकता है।

### विपक्ष ने उदासीनता को बताया वजह

दूसरी तरफ विपक्षी दलों का मानना है कि यह सरकार के प्रति उदासीनता को लेकर भी हो सकता है। भाजपा और उसकी सरकार के बड़े दावों और हकीकत को लेकर भी लोगों में नाराजगी इससे सामने आ सकती है। हालांकि सभी का कहना है कि वह अगले चरण में मतदान को बढ़ाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को और ज्यादा सक्रिय करेंगे और जनता से ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए आग्रह भी करेंगे।

## जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं धुंधली हो रही हैं: वायुसेना प्रमुख



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा है कि जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्रों की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। शुक्रवार को तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए ऐसी क्षमताएं विकसित की जानी चाहिए जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा के लिए आवश्यक होंगी।

अपने संबोधन में एयर चीफ मार्शल ने रेखांकित किया कि नयी प्रौद्योगिकियों की तेजी से हो रही वृद्धि और निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोलने के साथ चीजों की स्थापित योजना में बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नए समाधान मिलने के साथ कम लागत पर अन्वेषण के दरवाजे भी खुल रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि, इन नयी संभावनाओं के साथ नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण देख रहे हैं। नागरिकों की अंतरिक्ष यात्रा, जो 25 साल पहले एक सपना था, आज वास्तविकता है। यहां मानेकशॉ सेंटर में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और अंतरिक्ष क्षेत्र उद्योग के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, जल, थल, नभ, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र की पारंपरिक सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं, जिससे युद्ध क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव आ रहा है। मुझे लगता है कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने के लिए हमें ऐसी क्षमताएं विकसित करनी होंगी जो अंतरिक्ष में हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष में अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशस्त्र बलों सहित सभी हितधारकों के बीच अधिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी और संवाद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति 2023 सही दिशा में है और यह निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देगी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, हमें एक साथ काम करने और भारत में एक मजबूत, संपन्न और जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता होगी।

## भूखा मर रहा पाकिस्तान, भारत में 80 करोड़ लोगों को फी अनाज : योगी आदित्यनाथ

**अमरोहा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लगो भूख से लड़ रहे हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने यह भी कहा कि भगवा पार्टी का नारा फिर एक बार मोदी सरकार पूरे देश में गूंज रहा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अमरोहा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंवर सिंह तंवर के समर्थन में आयोजित रैली में योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने यह बात कही है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की आबादी मुश्किल से 23-24 करोड़ है। 1947 में विभाजन के बाद बना था। आज भूख से पीड़ित है। एक तरफ पाकिस्तान है और दूसरी तरफ भारत है, जहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन देने का वादा है।

# लालू राज में आडवाणी के रथ को मैनेज कर चर्चित हुए नित्यानंद राय, क्या तीसरी बार मारेंगे बाजी?



**उजियारपुर, एजेंसी।** भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को तत्कालीन बिहार सरकार के ऐलान के बावजूद हाजीपुर से सकुशल पार कराने के लिए सूबे की राजनीति में चर्चित हुए नित्यानंद राय की पहचान एक निर्भीक नेता की है। खेती-किसानी और गांव-देहात की राजनीति से शुरुआत करने वाले राय देश के गृह राज्यमंत्री हैं। वह 2014 और 2019 में लगातार दो बार जीतकर उजियारपुर से सांसद बन चुके हैं। राय के सामने इस बार उजियारपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है। लोकसभा चुनाव 2024 में उजियारपुर सीट से तीसरी जीत के लिए किस्मत आजमा रहे हैं।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नित्यानंद राय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में ही बिहार में भाजपा ने चुनाव लड़ा था। जिसमें एनडीए ने 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। अब राय बदली भूमिका में हैं और प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं। अपनी जीत के साथ ही पार्टी और एनडीए गठबंधन को 2019 के समान जीत दिलाने का दारोमदार भी उन पर है। इसे लेकर अपने क्षेत्र में मेहनत करने के साथ घटक दलों के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने में जुटे हैं। एडी-चोटी का जोर लगाया उजियारपुर से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने के लिए नित्यानंद राय एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं। खुद क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के अन्य नेता भी उजियारपुर में ही कैम्प कर रहे हैं

### लगातार बढ़ा ग्राफ

1990 में बिहार सरकार को सीधी चुनौती देने वाले नित्यानंद राय का राजनीति में ग्राफ लगातार चढ़ता गया। तब बतौर मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने ऐलान किया था कि वह लालकृष्ण आडवाणी के रथ को गांधी सेतु पार नहीं करने देंगे। उस समय नित्यानंद मात्र 23 वर्ष के थे। महापंचायत बुलाकर ऐसा जनसमर्थन जुटाया कि सरकार आडवाणी का रथ हाजीपुर में रोकने का साहस नहीं जुटा पाई।

नित्यानंद राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी प्रचार-प्रसार के लिए जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे उजियारपुर का विशेष ख्याल रखें। हर गांव-पंचायत के प्रमुख लोगों से उनकी टीम संपर्क कर रही है।

### छात्र जीवन से कर रहे राजनीति

नित्यानंद राय की राजनीतिक सफर की शुरुआत 1981 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में हुई। 1990 में वह भाजपा में शामिल हो गए। वह युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव, महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। साल 2000 के विधानसभा चुनाव में नित्यानंद राय को हाजीपुर से टिकट मिला और वह चुनाव जीत गए। वह हाजीपुर से लगातार चार विधानसभा चुनाव जीते।

# धमकाने की कोशिश मत करो, जेल जाने से नहीं डरते- पिनराई विजयन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा क्यों है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता विजयन पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के मुख्यमंत्री उन पर हमले क्यों कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की, उनकी लोकसभा सदस्यता और उनका आधिकारिक आवास छीन लिया गया। साथ ही, वर्तमान में विपक्ष से जुड़े दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सीएम विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में उन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन सहित



अधिकतर वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। वामपंथी नेता ने कहा, 'आपकी दादी (इंदिरा गांधी) ने हममें से अधिकर लोगों को (आपातकाल के समय) डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत करो।'

**प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप, क्या बोले विजयन :** माकपा के दिग्गज नेता ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का भी हवाला दिया। उन्होंने कटाक्ष किया कि वामपंथी नेता अशोक चव्हाण की तरह रोने वाले नहीं हैं और यह नहीं कहते हैं कि हम जेल नहीं जा सकते। वामपंथी नेता ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी प्रहार किया और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा व एक रियल एस्टेट कंपनी से संबंधित चुनावी बॉन्ड के मुद्दे का उल्लेख किया। विजयन ने कहा कि प्रियंका गांधी के पति के खिलाफ आरोप और मामले थे, लेकिन कंपनी की ओर से 2019-2022 के दौरान भाजपा को चुनावी बॉन्ड के रूप में 170 करोड़ रुपये का भुगतान करने के बाद वे समाप्त हो गए। राहुल गांधी और राज्य के 17 यूडीएफ सांसदों पर तीखा हमला करते हुए विजयन ने कहा कि उनमें से किसी ने भी संसद में केरल के अधिकारों और हितों के लिए आवाज नहीं उठाई।

## कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य का सनातन कार्ड, अचानक याद आया आरएसएस कनेक्शन

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। राज्य के लोक निर्माण मंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को अचानक राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की याद आई है। उन्होंने शुक्रवार को अपने परिवार के आरएसएस के साथ सदियों पुराने संबंध का जिक्र किया और अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह द्वारा लाए गए धर्मांतरण विरोधी कानून का जिक्र किया। इसे भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत के हिमाचल प्रदेश के सनातन धर्म और देव समाज संस्कृति पर हमला वाले बयान पर निशाना साधने के तौर पर देखा जा रहा है। विक्रमादित्य, जिन्हें कांग्रेस ने मंडी में रनौत के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है, ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि



राज्य की देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर कोई और हमला नहीं हो। बता दें कि मंडी लोकसभा सीट से विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह मौजूदा सांसद हैं।

विक्रमादित्य ने अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो मैसेज जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा, आज हिमाचल प्रदेश में देव संस्कृति, देव लोक नीति और सनातन धर्म पर हमला हो रहा है। जिस तरह से इस पर बयानबाजी हो रही है कि क्या खाएं और क्या न खाएं, यह एक गंभीर मसला बनकर उभरा है... हम विकास और अपने किए गए काम के मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम अपनी देव संस्कृति और सनातन धर्म का सम्मान और संरक्षण करें। विक्रमादित्य ने बेशक अपने मैसेज में रनौत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह साफ है कि उनके निशाने पर बीजेपी प्रत्याशी हैं। विक्रमादित्य के एक करीबी सूत्र ने कहा कि वह रनौत की उन टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने गोमांस खाने से इनकार किया था और एक बयान में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम के अंश हैं। दरअसल, रनौत ने पिछले हफ्ते कहा था, यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी भगवान राम और विष्णु के अंश हैं जो हमारी देखभाल करते हैं।


## रमन सिंह के पूर्व प्रमुख सचिव को मिली राहत, छत्तीसगढ़ की अदालत ने बंद कर दिया केस

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की एक अदालत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बंद कर दिया है। रायपुर की अदालत ने ईओडब्ल्यू-एसीबी की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके मुताबिक अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनता है। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) -भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अंतिम रिपोर्ट में कहा था कि अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का कोई मामला नहीं बनाया जा सकता है। राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने फरवरी 2020 में एक आरटीआई कार्यकर्ता के दावे के आधार पर इस संबंध में एफआईआर संख्या 09/2020 दर्ज की थी। अदालत के आदेश के अनुसार, राज्य ईओडब्ल्यू-एसीबी ने तीन साल तक जांच की और सिंह तथा उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों को साबित करने में विफल रहा। वर्तमान भाजपा सरकार के सत्ता में आने से पहले पिछले साल दिसंबर में राज्य ईओडब्ल्यू ने अंतिम रिपोर्ट दायर की थी। निचली अदालत ने अब अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए एफआईआर रद्द कर दी है। भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अमन सिंह, छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार




में एक रसूखदार नौकरशाह और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव थे। उन्होंने नवंबर 2022 में सेवा से इस्तीफा दे दिया और अडाणी समूह में शामिल हो गए। बिलासपुर हाईकोर्ट ने दो साल पहले उक्त एफआईआर को रद्द कर दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में इस आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि जांच के स्तर पर एफआईआर को रद्द न किया जाए। सिंह परिवार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाने के लिए एफआईआर का इस्तेमाल किया।

## अब भाजपा के लिए राज ठाकरे करेंगे प्रचार; पुणे में एमएनएस ने बनाई रणनीति



**पुणे , एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति में हाल के दिनों में उस समय बड़ा बदलाव देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हर मोर्चे पर विरोध करने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के मुखिया राज ठाकरे ने कहा था कि उनकी पार्टी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेगी। इस घोषणा के बाद पुणे लोकसभा सीट के शहरी हिस्सों में एमएनस की टीम भाजपा के पक्ष में प्रचार की योजना बना रही है। और यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। 2019 में एमएनएस ने पीएम मोदी और बीजेपी के खिलाफ अभियान चलाया था, लेकिन हाल ही में एमएनएस प्रमुख ने चुनाव में बीजेपी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया है। मनसे नेता राजेंद्र वागस्कर ने स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ बैठक के बाद कहा, मनसे पुणे सीट के लिए भाजपा के चुनाव अभियान में भाग लेगी और उम्मीदवार के समर्थन में शहर के कुछ हिस्सों में अलग-अलग रैलियां भी करेगी। पुणे लोकसभा सीट के लिए चुनाव प्रचार में व्यस्त भाजपा उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल ने कोथरुड में एक बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन किया और घोषणा की कि अगले साल से शहर में अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, पुणे राज्य की सांस्कृतिक राजधानी है। यह अगले साल से अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सवों की मेजबानी करेगा। आपको बता दें कि संवाद पुणे संगठन पिछले 25 वर्षों से शहर में बच्चों के फिल्म महोत्सव की मेजबानी कर रहा है और इसका उद्घाटन करने के लिए मोहोल को आमंत्रित किया है। शुक्रवार को पुणे में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते समय वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष शेलार की जुबान फिसल गई। उन्होंने कहा की कि बारामती में सुनेत्रा पवार की हार निश्चित है, लेकिन गलती सामने आने के बाद उन्होंने तुरंत इसे सुधार लिया। आपको बता दें कि उनका बयान राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। उन्होंने कहा, मेरा मतलब था कि सुनेत्रा पवार की जीत निश्चित है और बारामती में सुप्रिया सुले की हार निश्चित है। शेलार ने शाम को एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी गलती स्पष्ट कर दी थी और भ्रम से बचने के लिए फिर से ऐसा कर रहे हैं।

## सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया



# हम सभी लोकसभा और करनाल विधानसभा चुनाव बड़े अंतराल से जीतेंगे: मनोहर लाल

**चंडीगढ़/ जींद, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दिया जाता था, जबकि आज भ्रष्टाचारी नए-नए तरीके खोजने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी बात बन नहीं रही और उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती है। वह आज यहां सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर थे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ऑनलाइन सिस्टम से लोगों की समस्याओं को हल करने का काम किया है। अपने साढ़े 9 साल के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम विंडो में 13 लाख शिकायत आई और इनमें से साढ़े 11 लाख शिकायतों का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी थी जिसमें या तो पुलिस का केस था या फिर वह कोर्ट में विचाराधीन था। प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के हो रहे विरोध का असर पूछे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ दबंग किस्म के लोग पहले भी ऐसा करते रहे हैं और आज भी वह विरोध की राजनीतिक कर रहे हैं।? उन्होंने कहा कि उनके इस विरोध का भाजपा को लाभ हो रहा है, क्योंकि 10 लोग अगर विरोध करते हैं तो सौ नए लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस अपने उम्मीदवारों का भी फैसला नहीं कर पाई है, क्योंकि या तो कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं है और जिन सीटों पर कांग्रेस के पास चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग हैं, वहां इतनी मारामारी है कि कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में उतार नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवारों के मैदान में आने से पहले ही प्रदेश की जनता इस बात का मन बना चुकी होगी कि उसे कमल पर मोहर लगानी है।



## संजय मांजरेकर ने क्यों कही ये बात

# उम्मीद है चयनकर्ता रिंकू को नहीं भूलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अब तक कोलकाता नाइट राइडर्स के शीर्ष क्रम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच रिंकू सिंह को बल्लेबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है। रिंकू ने बतौर फिनिशर पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बौदलत उन्हें भारतीय टीम में उन्हें जगह मिली थी। भारत के लिए भी उन्होंने कई मैच फिनिश किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर को लगता है कि केकेआर के लिए बल्लेबाजी का ज्यादा मौका न मिलना रिंकू को भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह न देने का यह कोई कारण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिंकू को ज्यादा मौका नहीं मिल रहा है और उम्मीद है चयनकर्ता उन्हें नहीं भूलेंगे। रिंकू ने इस सीजन 51 गेंद पर 83 रन बनाए हैं। 26 उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 162.75 का है।

### मांजरेकर ने रिंकू सिंह को लेकर क्या कहा?

मांजरेकर ने रिंकू को लेकर फर्स्टपोस्ट से कहा, क्योंकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिल रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि चयनकर्ता रिंकू सिंह को नहीं भूलेंगे। वह सीधे तौर पर भारतीय टीम में चयन होना चाहिए। जब भी उन्हें अवसर मिला है, आपने देखा है कि उन्होंने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। अपनी निरंतरता और रेंज दिखाई है। भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों के अलावा, उन बड़े नामों के अलावा जिनके बारे में हम सोच रहे हैं, मैं उन्हें पसंद करता हूं।

### रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया

रिंकू सिंह ने 15 टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसमें उन्होंने 7 मैचों में नाबाद रहते हुए 176.23 के स्ट्राइक रेट से 356 रन बनाए हैं। उनका औसत 89 रन का है। ऐसे में बतौर फिनिशर उन्हें भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलनी चाहिए। 1 जून से यह टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। भारतीय टीम का चयन 1 मई से पहले हो जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### पाक वर्सेस न्यूजीलैंड



### बाबर और कोहली के इस संयुक्त रिकॉर्ड को एक साथ तोड़ने के करीब हैं रिजवान, इतने रन की है जरूरत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन किया जा रहा है और इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान आई हुई है। इन दोनों टीमों के बीच इस टी20आई सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को रावलपिंडी में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के पास एक बड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है जो अभी बाबर आजम और विराट कोहली के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है।

#### सबसे तेज 3000 रन बनाने के करीब रिजवान

न्यूजीलैंड के खिलाफ रिजवान के पास टी20आई में सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने काम करने का अच्छा मौका है और इसके लिए उन्हें 19 रन की जरूरत है। कीवी टीम के खिलाफ 19 रन बनाते ही रिजवान टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे और बाबर व कोहली को पीछे छोड़ देंगे। बाबर और कोहली ने टी20आई में 81-81 पारियों में 3000 रन पूरे किए थे। वहीं रिजवान की बात करें तो उन्होंने अब तक टी20आई में 91 मैचों की 78 पारियों में 2981 रन बनाए हैं। 19 रन बनाते ही वो 3000 रन 79 पारियों में पूरे कर लेंगे और बाबर साथ ही कोहली से आगे निकल जाएंगे।

टी20आई में सबसे कम पारियों में 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

बाबर आजम – 81 पारी
विराट कोहली – 81 पारी
एरोन फिंच – 98 पारी
मार्टिन गप्टिल – 101 पारी
डेविड वॉर्नर – 102 पारी

### टिम डेविड और पोलार्ड पर BCCI ने लगाया जुर्माना



**मुंबई, एजेंसी।** एमआई के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी टीम के मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

आईपीएल की तरफ से टिम डेविड और पोलार्ड पर जुर्माना लगाए जाने को लेकर दी गई जानकारी में बताया गया कि दोनों पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में जुर्माना लगाया गया है। डेविड और पोलार्ड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के लेवल 1 का अपराध किया है।

इसके चलते डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इस आचार संहित के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना जाता है। दोनों ने ही अपनी गलती स्वीकार कर ली है। डीआरएस का उपयोग करते समय खिलाड़ियों को मैदान के बाहर से किसी की मदद लेने की अनुमति नहीं है।

# धोनी 5000 आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर



**लखनऊ, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को तीसरी हार मिली। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने लखनऊ में सबसे बड़ा टारगेट चेज कर सीएसके को 8 विकेट से हरा दिया।

चेन्नई से एमएस धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, वह 40 की उम्र के बाद 500 आईपीएल रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। धोनी ने बतौर विकेटकीपर 5 हजार आईपीएल रन भी पूरे कर लिए, वह ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने। स्त्त के कप्तान केएल राहुल बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 25 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए।

### 1. 40 की उम्र के बाद धोनी के नाम सबसे ज्यादा रन

सीएसके के महेंद्र सिंह धोनी ने 8 बॉल पर 28 रन बनाए, इसी के साथ उनके 40 की उम्र के बाद आईपीएल में 500 रन पूरे हो गए। वह आईपीएल में 40 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए। धोनी फिलहाल 42 साल के हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 40 की उम्र के बाद 481 आईपीएल रन बनाए हैं।

### 2. धोनी का स्ट्राइक रेट पिछले 2 साल में सबसे बेस्ट

ह्य के एमएस धोनी ने पिछले साल आईपीएल में 182.46 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए। इस साल वह 255.88 की स्ट्राइक रेट से 87 रन बना चुके हैं। आईपीएल में पिछले 2 साल में 50 से ज्यादा गेंदें खेलने वाले प्लेयर्स में धोनी का स्ट्राइक रेट से सबसे बेहतर है। वह 209.89 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। उनके बाद स्त्रा के अभिषेक शर्मा ने 205.26 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

### 3. धोनी 5 हजार आईपीएल रन बनाने वाले पहले विकेटकीपर

एमएस धोनी बतौर विकेटकीपर खेलते हुए आईपीएल में 5000 से ज्यादा रन पूरे कर चुके हैं। वह ऐसा करने वाले पहले ही विकेटकीपर बने। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 251 मैच भी खेल लिए हैं। धोनी के बाद आरसीबी के दिनेश कार्तिक ने बतौर विकेटकीपर 228 मैचों में 4363 रन बनाए हैं।

## सिर चढ़कर बोली चेन्नई सुपर किंग्स की दीवानगी

# फैन ने सीएसके की थीम पर बनवाया शादी का कार्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की वह टीम है, जिसे हर मैदान पर होम ग्राउंड जैसा ट्रीमेंट मिलता है. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम के साथ-साथ फैंस सीएसके को सपोर्ट करने के लिए हर मैदान में पहुंचते हैं. चेन्नई का मैच कहीं भी किसी भी टीम के खिलाफ हो, क्राउड आपको पीली जर्सी में ही नज़र आएगा. चेन्नई को फैंस इतना ज़्यादा प्यार एमएस धोनी की वजह से करते हैं. अब मैदान के बाहर भी चेन्नई की दीवानगी फैन के सिर चढ़कर बोली और उसने अपनी शादी का कार्ड सीएके की थीम पर बनवा लिया.

चेन्नई सुपर किंग्स की थीम वाला शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेज़ से वायरल हो रहा है. इस कार्ड को चेन्नई सुपर किंग्स के मैच टिकट की तरह डिजाइन किया गया. कार्ड में एंट्री फीस की जगह, आपका प्यार लिखा गया, टैक्स की जगह, आशीर्वाद और टोटल वैल्यू की जगह, आपकी उपस्थिति लिखी गई. इसके अलावा जैसे दो टीमों का नाम लिखा जाता हैं, वहां बीच में वेड्स लिखकर कपल का नाम लिखा गया. इसके आगे शादी का दिन और तारीख वेन्यू के साथ लिखी गई. इस कार्ड को बड़े ही क्रिएटिव तरीके के डिजाइन किया गया है.

### लखनऊ में आईपीलएल कप्तानों पर बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 34वां मैच लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। यह मैच तो होम टीम जीत गई। लेकिन बीसीसीआई ने दोनों टीमों के कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख का जुर्माना भी ठोका है। बता दें कि लखनऊ के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जुर्माना लगाया है।

आईपीएल की आचार संहिता के तहत दोनों कप्तानों की टीमों का सीजन का पहला अपराध था। इसलिए उनपर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी स्लो ओवर रेट के चलते इस सीजन फाइन लग चुका है।

# केएल राहुल ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के इस सीजन में कई नए रिकॉर्ड बन रहे हैं तो कई पुराने रिकॉर्ड टूट भी रहे हैं. केएल राहुल ने आईपीएल 2024 के 34वें मैच में एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. जो पहले धोनी के नाम था. केएल राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा पचास प्लस स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं. इस फेहरिस्त में कई दिग्गज विकेटकीपर भी शामिल हैं.

अगर हम 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले टॉप 5 विकेटकीपरों की बात करें तो इस फेहरिस्त में सबसे पहला नाम केएल राहुल का है. जो पहले एमएस धोनी के नाम पर था. केएल राहुल अब तक 25 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं. एमएस धोनी ने 24 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. तीसरे नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं. डी कॉक ने अब तक 23 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है. तो चौथे नंबर पर हैं दिनेश कार्तिक. दिनेश ने अब तक 21 बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है. वहीं पांचवें नंबर पर रॉबिन उथप्पा का नाम है. उन्होंने 18 बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया है.




आईपीएल 2024 के 34वें मैच में केएल राहुल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कप्तानी पारी खेली. जिसके चलते एलएसजी की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया. केएल राहुल ने 53 गेंदों पर 154.72 की स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए. जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे. पहले विकेट के लिए क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के बीच 134 रन की साझेदारी हुई. 6 गेंद रहते ही एलएसजी ने 8 विकेट से मैच जीत लिया.

# भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

## पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**बिश्केक, एजेंसी।** अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।

### लय बरकरार रखने में विफल रहे अमन



अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरुआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए।

भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### अन्य पहलवान भी प्रभाव छोड़ने में रहे विफल

अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए।

सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

### दीपक और सुजीत को नहीं मिली खेलने की अनुमति

दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया (86 किग्रा) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बगदाद के पास दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी



**बगदाद, एजेंसी।** बगदाद के दक्षिण में बाबिल प्रांत में शनिवार आधी रात के बाद अज्ञात विमान से दो इराकी सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने मीडिया को बताया, हवाई हमले ड्रोन से किए गए। बाबिल प्रांत के उत्तरी हिस्से में महाविल क्षेत्र में इराकी अर्धसैनिक हशद शाबी बलों से संबंधित दो ठिकानों को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि दो लक्षित ठिकानों में से एक अर्धसैनिक बलों का गोला-बारूद का गोदाम था और दूसरा उनका टैंक मुख्यालय था। सूत्र ने यह भी कहा कि बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित मडेन इलाके में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, लेकिन विस्फोटों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

### केन्या में भारी बारिश से 32 लोगों की मौत



**नैरोबी, एजेंसी।** केन्या में हाल के दिनों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई है। सहायता एजेंसियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) के अनुसार, 40 हजार से अधिक लोगों को अपने गांवों और बस्तियों से भागना पड़ा। बाढ़ से कृषि भूमि का बड़ा क्षेत्र भी नष्ट हो गया। केन्याई रेड क्रॉस ने बताया कि बेघर हुए लोगों के लिए अब तक 35 शिविर स्थापित किए गए हैं।वृहत नैरोबी क्षेत्र के अलावा, देश के पश्चिम में लेक विक्टोरिया क्षेत्र, ग्रेट रिफ्ट वैली क्षेत्र और उत्तर-पूर्व केन्या के क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए।वार्षिक वर्षा ऋतु, जो पूर्वी अफ्रीकी देश में मई के अंत तक जारी रहती है, इस वर्ष अल नीनो मौसम की घटना से भी प्रभावित हो रही है।केन्याई मौसम सेवा ने भी आने वाले दिनों में भारी बारिश की घोषणा की है।

### पाकिस्तान में सरकारी वाहन पर गोलीबारी में सात की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक सरकारी वाहन पर किए गए हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच अधिकारी और दो यात्री, जिसमें एक बच्ची और एक व्यक्ति शामिल हैं। सीमा शुल्क खुफिया अधिकारी डेरा इस्माइल खान जिले के क्वेटा रोड में ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उनके वाहन पर गोलीबारी की गई। हालांकि, इस हमले के बाद हमलावर फरार हो गया। प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस हमले की निंदा की है। बुधवार को सुरक्षाबलों के जवान ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले सात आतंकियों को मार गिराया। बता दें कि पूरे पाकिस्तान में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है।

### स्कॉटलैंड में झरने में डूबे दो भारतीय छात्र; पाकिस्तान में सरकारी अधिकारियों पर हमले में सात की मौत

**स्कॉटलैंड, एजेंसी।** ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले दो भारतीय छात्रों की स्कॉटलैंड की झरने में डूबने से मौत हो गई। स्कॉटलैंड की पुलिस ने अभी तक आंध्र प्रदेश के रहने वाले छात्रों के नाम का खुलासा नहीं की है। शुक्रवार को दोनों शव का पोस्ट मॉर्टम होने वाला है। स्कॉटलैंड पुलिस के प्रवक्ता ने कहा, बुधवार की शाम सात बजे हमें दो छात्रों के ब्लेयर एथोल के पास तुम्मेल झरने में डूबने से मौत की सूचना मिली। इसके बाद ही दोनों को ढूंढने के लिए आपातकाल सेवाओं की मदद ली गई। डंडी यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने इस घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि मुश्किल समय में वह मृतकों के परिवार के साथ खड़े हैं।

### उत्तर कोरिया ने 'अत्यधिक बड़े क्रूज मुखास्त्र और विमान रोधी मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को कहा कि उसने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में एक 'अत्यधिक बड़े क्रूज मिसाइल मुखास्त्र और एक विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ बढ़ते तनाव के बीच उत्तर कोरिया तेजी से अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ा रहा है और हाल में उसने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में कहा कि शुक्रवार को 'ह्वासल-1 रा-3 रणनीतिक क्रूज मिसाइल के लिए तैयार किए गए मुखास्त्र का 'शक्ति परीक्षण किया गया साथ ही 'प्योलजी-1-2 विमान रोधी मिसाइल का परीक्षण किया गया। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा जारी की गई तस्वीरों में लॉन्चर ट्रक से कम से कम दो मिसाइलें दागी जाती दिखाई दे रही हैं। खबर में कहा गया कि शुक्रवार को किया परीक्षण देश की सैन्य विकास गतिविधियों का हिस्सा थे और इसका आसपास के हालात से कोई लेना देना नहीं है।


# कोर्ट के अंदर ट्रंप की चल रही थी सुनवाई, बाहर शख्स ने खुद को लगा ली आग


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मैनहट्टन अदालत के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक शख्स ने तेल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। जिस समय शख्स ने खुद को आग लगाई, उसी समय अदालत के अंदर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकदमे पर सुनवाई चल रही थी। हालांकि, सवाल उठता है कि आखिर खुद को आग लगाने वाला शख्स कौन हैं और उसने इस भयावह घटना को क्यों अंजाम दिया

### कौन हैं शख्स

न्यूयॉर्क के पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के प्रमुख जेफरी मैड्रे ने बताया कि मैक्सवेल अजारेलो नाम का शख्स पहले पार्क गया। वहां उसने कुछ पर्चे बांटे और बाद में खुद को आग लगा ली। फिलहाल वह कॉर्नेल विश्वविद्यालय की बर्न यूनिट में गंभीर स्थिति में है। फ्लोरिडा के सेंट ऑगस्टीन में रहने वाला अजारेलो खुद को एक खोजी शोधकर्ता बताता है। एक रिपोर्ट में पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि शख्स की उम्र करीब 20 साल है और दिखने में बेघर लग रहा था।

एनवाईपीडी के जासूसों के प्रमुख जो केनी ने बताया कि अजारेलो सप्ताह की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर आया और उसने घटना के बारे में प्रचार किया। यहां तक कि खुद को आग लगाने से पहले वो शांत था। केनी ने बताया कि शख्स के परिवार को घटना के बारे में जानकारी दे दी है। जेफरी मैड्रे ने चिंता जताते हुए कहा कि शख्स ने किसी सुरक्षा का कोई





उल्लंघन नहीं किया। लेकिन हम बहुत चिंतित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं मौजूद हैं। एनवाईपीडी के जन सूचना उपायुक्त तारिक शेपर्ड ने कहा कि किसी को नहीं पता था कि यह व्यक्ति खुद को आग लगाने जा रहा है।

### शख्स ने खुद को आग क्यों लगाई

फिलहाल शख्स के खुद को आग लगाने की वजह साफ नहीं हो पाई है। कानून प्रवर्तन सूत्रों से पता चला है कि वह एक प्रदर्शनकारी समूह का हिस्सा है। यहां तक कि उसके विरोध के पीछे का मकसद भी अभी नहीं पता है। यह रहस्य बना हुआ है।

जब शख्स ने खुद को आग लगाई थी तो उसने कुछ पर्चों को हवा में उछाला था। उनमें से एक का शीर्षक था- दुनिया का सच्चा इतिहास। वहीं एक अन्य पर्चे में लिखा था कि एनवाईयू एक भीड़ का मोर्चा है। इसके अलावा, सड़क पर पड़े एक पर्चे में लिखा था- मैंने ट्रंप के ट्रायल के दौरान बाहर खुद को आग लगा ली है। न्यूयॉर्क सिटी अग्निशमन विभाग ने पुष्टि की कि व्यक्ति को दोपहर एक बजकर 41 मिनट पर गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### मीडिया में हलचल

इस घटना के दौरान मीडिया कर्मियों के सामने समस्या खड़ी हो गई, क्योंकि कैमरे के सामने व्यक्ति ने आग लगाई थी और यह गंभीर मसला था, लेकिन नैतिकता के आधार पर जलते हुए व्यक्ति का वीडियो फुटेज नहीं दिखाया जा सकता था। पत्रकारों ने लाइव प्रसारण के दौरान कहा हमारे पास एक आदमी है जिसने खुद को आग लगा ली है, हमारे कैमरे अभी घूम रहे हैं और एक आदमी ने अब अदालत के बाहर खुद को आग लगा ली है। आप जलते हुए मांस की गंध महसूस कर सकते हैं।

फुटेज में देखा जा सकता है कि व्यक्ति के खुद को आग लगाते ही आसपास खड़े लोग अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने की कोशिश कर रहे। वहीं, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि शख्स ने पहले ट्रंप समर्थक प्रदर्शनकारियों से संपर्क किया था। इसके अलावा, एक वीडियो फुटेज में आग की लपटों में घिरा हुआ दिखाया गया।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई घटना

कई प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को बताया कि कैसे चमकीले नारंगी रंग की लपटों में जलते हुए व्यक्ति को देखकर आसपास खड़े लोग चिल्लाने लगे। एक ने कहा, मैं जले हुए मांस की गंध महसूस कर सकता हूं और आग देख सकता हूं।

बता दें, घटना मैनहट्टन कोर्टहाउस से सटे कलेक्ट पॉन्ड पार्क के पास की है। अदालत में ट्रप के आपराधिक मुकदमे के लिए जूरी का चयन चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आत्मदाह की घटना के बाद ट्रंप समर्थकों ने इलाके को तुरंत खाली कर दिया। आग बुझने के बाद भी धुआं उठता रहा। राख और मलबे के अवशेष सड़क पर फैले रहे। यह घटना मुकदमे की कार्यवाही दोपहर के भोजन के लिए स्थगित होने से कुछ देर पहले दोपहर करीब एक बजकर 35 मिनट पर घटी।

## रूस पर नये प्रतिबंध लगाने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**ब्रूसेल्स, एजेंसी।** यूरोपीय संघ यूक्रेन के खिलाफ पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए रूस के खिलाफ 14वें दौर के प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है। संगठन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए प्रतिबंध पैकेज में उन व्यक्तियों और संगठनों पर दंडात्मक उपाय शामिल हैं जो रूस पर मौजूदा यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों को रोकने के प्रयासों में सहायता करते हैं।

यूरोपीय संघ के एक राजनयिक ने कहा कि दंडात्मक उपायों में तेल टैंकरों या ÷अंधेरे बेड़े÷ पर विचार किया जाना चाहिए जो इसमें बाधा डालने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों के बावजूद रूसी तेल का परिवहन करते हैं। राजनयिकों के अनुसार, नए व्यक्तियों और संगठनों पर ब्लॉक में उनकी संपत्तियों पर रोक लगाई जाएगी। यूरोपीय आयोग को आने वाले सप्ताह में प्रतिबंधों के लिए प्रस्ताव पेश करना है।

रूस पर प्रतिबंधों का 13वां पैकेज फरवरी में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की दूसरी वर्षगांठ पर अपनाया गया था और इसमें 106 व्यक्तियों और 88 संगठनों को निशाना बनाया गया था।इसमें उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियारों की आपूर्ति में शामिल व्यक्ति और उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री शामिल थे।यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध में योगदान देने वाले अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्गों को लक्षित करते हुए रूस पर यूरोपीय संघ के कई दौर के प्रतिबंध लगाए गए हैं।इनमें कच्चे तेल, कोयला, इस्पात, सोना और विलासिता की वस्तुओं पर आयात प्रतिबंध के साथ-साथ बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ दंडात्मक उपाय भी शामिल हैं।इसके अलावा, तथाकथित ÷दोहरे उपयोग वाले सामान÷ पर व्यापार प्रतिबंध लगाए गए थे जो रूसी रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के तकनीकी विकास में योगदान दे सकते थे।यूक्रेन के लिए सैन्य उपकरण खरीदने के लिए यूरोपीय संघ में जमे हुए रूसी केंद्रीय बैंक धन को सुरक्षित रखने से होने वाले मुनाफे के एक बड़े हिस्से का उपयोग करने की योजना पर काम जारी है।-

## पाकिस्तान में बारिश का कहर, 87 लोगों की मौत, 80 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है।

एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है।

एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में कुल 15 लोगों की मौत हुई है और 10 अन्य घायल हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की भारी बारिश के कारण कीमती जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# टॉयलेट क्लीनर मिलाकर बुशरा बीबी को पाकिस्तान की जेल में दिया जा रहा खाना, इमरान खान ने लगाए आरोप

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों संकट में घिरे हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। वह खुद पहले से ही जेल में बंद है। इमरान ने इस बीच पाकिस्तान की एक अदालत को बता है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को ÷टॉयलेट क्लीनर÷ मिलाकर खाना दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया यही कारण है कि उनकी पत्नी के पेट में रोजाना जलन होती है।

पाकिस्तान में कई मामलों में दोषी ठहराए गए क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में 190 मिलियन पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के दौरान यह आरोप लगाया। इमरान खान ने न्यायाधीश नासिर जावेद राणा को बताया कि अदालत कक्ष में अतिरिक्त दीवारें खड़ी की गई हैं, जिससे यह एक बंद अदालत जैसा प्रतीत होता है।

इमरान खान ने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ असीम यूसुफ ने शिफा इंटरनेशनल अस्पताल में बुशरा बीबी के स्वास्थ्य परीक्षण कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा, जेल प्रशासन पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज



(पीआईएमएस) अस्पताल में परीक्षण करने पर अड़ा हुआ था। बाद में अदालत ने डॉ. यूसुफ को इमरान खान और बुशरा बीबी की मेडिकल जांच करने का आदेश दिया।

कार्यवाही के दौरान इमरान खान द्वारा अतिरिक्त दीवारों के निर्माण की ओर इशारा करने के बाद न्यायाधीश ने अधिकारियों से लकड़ी के तख्तों को हटाने के लिए कहा। बाद में अदालत ने इमरान खान से सुनवाई के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने को कहा। इमरान ने कहा कि अधिकारियों ने सुनवाई के बाद मीडिया को हटा दिया।

15 अप्रैल को बुशरा बीबी ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से उनकी पसंद के निजी अस्पताल में उनकी स्वास्थ्य जांच की अनुमति देने का अनुरोध किया था। वह यह पता लगाना चाहती थी कि क्या जेल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए भोजन के माध्यम से उसे जहर दिया जा रहा है।

बुशरा बीबी ने दावा किया कि वह सीने में जलन और गले और मुंह में दर्द से पीड़ित थीं। बुशरा बीबी को उनके बनिगाला आवास में हिरासत में रखा गया है, जिसे उप-जेल घोषित किया गया था।

49 साल की बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले के साथ-साथ इमरान खान के साथ अवैध शादी के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। इस हफ्ते की शुरुआत में इमरान खान ने कहा था कि बुशरा बीबी की कैद के लिए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका में भारतीय छात्र की मौत ब्लू व्हेल गेम से जुड़ी होने की संभावना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एक गेम खेलते-खेलते अपनी जान दे दी। घटना मार्च की बताई जा रही है। ऐसी आशंका है कि मौत के इस मामले के पीछे ब्लू व्हेल चैलेंज ऑनलाइन गेम था, जिसे सुसाइड गेम भी कहा जाता है।

20 वर्षीय मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष का छात्र 8 मार्च को मृत मिला था। ब्रिस्टल काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के प्रवक्ता ग्रेग मिलियोट का कहना है कि मामले की जांच आत्महत्या के एंगल से की जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, शुरू में कहा जा रहा था कि छात्र की हत्या की गई है। छात्र को लूटा गया और फिर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। छात्र का शव जंगल में कार में मिला था। बोस्टन ग्लोब अखबार ने बाद में छात्र की पहचान उसके नाम से की।

हालांकि, परिवार की इच्छा को देखते हुए आईएएनएस नाम नहीं बता रहा है। लेकिन दुनिया भर में नाबालिगों और युवाओं को




शिकार बनाने के लिए जाने जाने वाले इस खतरनाक गेम को खेलते समय, भारत और विदेश में भारतीय छात्रों और नाबालिगों और अभिभावकों के लिए एक सतर्क घटना के रूप में रिपोर्ट किए जाने की जरूरत है।

ब्लू व्हेल चैलेंज एक ऑनलाइन गेम है, जिसमें प्रतिभागियों (पार्टिसिपेंट) को एक चैलेंज दिया जाता है। इस गेम में 50 स्टेप्स हैं, जो धीरे-धीरे कठिन होते जाते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, चैलेंज के तौर पर छात्र ने दो मिनट तक सांसें रोक कर रखीं। भारत के लिए ब्लू व्हेल चुनौती से मौत की यह पहली घटना हो सकती है।

भारत सरकार कई साल पहले ब्लू व्हेल चैलेंज पर प्रतिबंध लगाना चाहती थी, लेकिन इसके बजाय एक एडवाइजरी जारी कर छोड़ दिया गया।

भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गेम के शुरू होने के एक साल बाद 2017 में जारी एक एडवाइजरी में कहा, ÷ब्लू व्हेल गेम (सुसाइड गेम) आत्महत्या के लिए उकसाने वाला है। इसलिए इससे दूर रहें।÷

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह गेम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खेला जाता है। इसमें एक एडमिनिस्ट्रेटर और पार्टिसिपेंट शामिल होता है। एडमिनिस्ट्रेटर 50 दिन की अवधि के दौरान प्रतिदिन एक कार्य सौंपता है। शुरुआत में ये कार्य सरल होते हैं, लेकिन अंतिम चरण में खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ वे काफी कठिन होते जाते हैं।

## पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने का आरोप, अमेरिका ने इन चार कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है।



**पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को पुर्जे मुहैया कराने का आरोप :** वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।

**जब्त की जाएगी प्रतिबंधित कंपनियों की संपत्ति :** अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि चीन की कंपनी ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड, पाकिस्तान में लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैयार करने वाले निकाय नेशनल डेवलेपमेंट कॉम्पलैक्स (एनडीसी) को फिलामेंट विंडिंग मशीन मुहैया कर रही थी। यह मशीन रॉकेट मोटर में इस्तेमाल की जा रही थी। चीन की ही कंपनी तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड कंपनी लिमिटेड पाकिस्तान को वेल्डिंग संबंधी औजार और एक्सीलेटर सिस्टम देने में संलिप्त पाई गई। तियानजिन कंपनी का संबंध चीन की सेना के साथ भी पाया गया है। प्रतिबंध के तहत इन कंपनियों की अमेरिका में मौजूद संपत्ति को जब्त किया जाएगा। कंपनी के मालिक और बड़े हिस्सेदारों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

# कराची में आतंकियों की आत्मघाती साजिश नाकाम, निशाने पर थी वैन, बाल-बाल बचे जापान के पांच नागरिक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान आजकल आतंकवादियों के निशाने पर है। यहां आए दिन हमले हो रहे हैं। कभी सेना तो कभी नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में, सिंध प्रांत में शुक्रवार को पांच जापानी नागरिकों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने एक आत्मघाती हमला करने की कोशिश की। हालांकि, शुक्र रहा कि सभी नागरिक सही सलामत बच निकले।

पूर्वी के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजफर महेसर ने बताया कि लांधी में मुर्तजा चोरांगी के नजदीक मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने जापानी नागरिकों की वैन को टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि सभी पांच जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। हालांकि, उनके साथ मौजूद निजी सुरक्षा गार्ड घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जापान के नागरिक क्लिफ्टन के जमजामा स्थित अपने घर से कहीं जा रहे थे।

**आतंकवादी ने खुद को उड़ाया :** आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के डीआईजी आसिफ एजाज शेख ने बताया कि जापानी नागरिक दो सुरक्षा गार्डों के साथ एक वैन में यात्रा कर रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उनके वाहन को निशाना बनाने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा गार्डों ने एक आतंकवादी को मार गिराया, जबकि दूसरे ने वैन के करीब जाने की कोशिश में खुद को उड़ा लिया। डीआईजी शेख ने बताया कि जापानी नागरिकों को ले जा रहा वाहन बुलेट प्रूफ था। इसलिए सभी



सुरक्षित हैं। अभी तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि तीन घायलों, दो सुरक्षा गार्ड और एक राहगीर को अस्पताल लाया गया जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अस्पताल ने पुष्टि की कि किसी विदेशी को इलाज के लिए नहीं लाया गया था। अधिकारी ने बताया कि जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स में काम करते थे। बता दें, कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर और दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी है।

**इन लोगों ने की निंदा :** सिंध के परिवहन मंत्री शरजील इनाम मेमन ने हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि समय पर की गई कार्रवाई ने आतंकवादियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकवादियों की नापाक हरकतों को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं, सिंध के राज्यपाल कामरान टेसरी ने आत्मघाती हमले की निंदा की और घटना पर एक रिपोर्ट मांगी। राज्यपाल ने कहा कि शहर में आतंकवाद किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना के पीछे के उद्देश्यों का पता लगाने और मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए कहा।

**चीनी नागरिकों पर हमले तेज हुए :** छोटे अलगाववादी समूहों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से संबंधित परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले महीने, पांच चीनी और उनके पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी जब उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी कार को एक वाहन से टक्कर मार दी थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान में काम कर रहे जापान के नागरिकों को निशाना बनाने की खबर सामने नहीं आई थी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 21 अप्रैल 2024 | 8


लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।



## राहुल गांधी को न हिन्दी की समझ है, न अंग्रेजी की, हम इटली में संकल्प पत्र नहीं छपवा सकते : शिवराज

**रीवा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मउगंज जिला मुख्यालय में रीवा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसभा को जनपद प्रांगण में सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को राहुल गांधी समझ नहीं पा रहे हैं, और कहते हैं कि भाजपा ने गरीबों के लिए कुछ नहीं लिखा है। मुझे लगता है कि राहुल बाबा को हिन्दी नहीं आती है तो अंग्रेजी में पढ़ लें। हमारा संकल्प पत्र दोनों भाषाओं में साफ-साफ लिखा है कि गरीबों को पक्का मकान देंगे, नि:शुल्क अनाज देंगे। आयुष्मान कार्ड देंगे, गरीबों का जीवन बदलने के लिए काम करेंगे। जो राहुल बाबा को समझ में ही नहीं आ रहा है। हम इटली की भाषा में उन्हें समझा नहीं सकते। राहुल बाबा रणछोर हो गये हैं और वायनॉड चले गए हैं। जिस सीट से इंदिरा गांधी लड़ती थी, सोनिया भी वहीं से लड़ती थी परन्तु आज रायबरेली से लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। मेरे गरीब भाई बहनों संकल्प पत्र में हमने स्पष्ट कहा है कि जिनके पास पक्के मकान नहीं है, उन गरीबों को आने वाले 5 वर्षो में 3 करोड़ देंगे। रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई का इंतजाम भाजपा सरकार करेंगी। मउगंज में इंडस्ट्रीयल क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जिससे स्वरोजगार का निर्माण होगा। जनता की सेवा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। मेरे और जनार्दन मिश्रा के लिए राजनीति धंधा नहीं है, जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। देश की सेवा हम कर रहे हैं। 2014 के पहले का भारत जब कांग्रेस की सरकार होती थी। तब देश का दुनिया में मान-सम्मान क्या था! यह सवाल शिवराज सिंह ने जनता से पूछा। आगे उन्होंने कहा कि पिद्दी-पिद्दी देश भी हमें डराते थे, धमकाते थे, आंख दिलाते थे। मोदी जी सरकार में आते स्पष्ट कर दिया है कि हम आगे से किसी को



छेड़ेंगे नहीं, जो छेड़ेंगा तो उसे छोड़ेंगे नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक। आज दुश्मन की क्या मजाल जो भारत माता की तरफ आंख उठाकर देख सके।

### मउगंजवासियों के अंतर आत्मा की आवाज सुना और पूरा किया

जब मैं मुख्यमंत्री था तब आपने जो मांगा, मैंने वो दिया। जिला बनाया। मैंने कोई एहसान नहीं किया, आपका था तो आपको अर्पित कर दिया। आपकी अंतर आत्मा की आवाज को क्रियान्वित करने का सौभाग्य हमें मिला कि आपके मउगंज को जिला बनाया। बाणसागर के पानी को रीवा और मउगंज में लाने का काम किया है। आपकी पवित्र धरती के हर खेत को सिंचित करने वाला है। पीने का पानी हो हनुमना में कॉलेज हो, विकास के वो सारे काम जिससे आपका जीवन खुशहाल वो सारे काम मैंने किया है।

### जनार्दन जी दिल्ली जाएंगे और रेल लाएंगे

हम सब अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा ही वो पार्टी है जो असंभव को संभव करने का दम-खम रखती है। हमें पूरा विश्वास है कि जनार्दन जी तीसरी बार दिल्ली जाएंगे और रेल लेकर आएंगं। जनार्दन जी ने सड़कों का उल्लेख किया था, अब आप ही बताओं क्या ऐसी सड़के कांग्रेस के जमाने में थी। नहीं थी! कांग्रेस के शासनकाल में सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे थे। जीप भी हिचकोले खाती थी। जिसमें सफर करने से शरीर हलाहल हो जाता था। शरीर की हड्डी दर्द करने लगती थी। हाथ पांव बराबर हो जाते थे, गाड़ी भी खटारा हो जाती थी, भगवान शंकर याद आने लगते थे। मन में सिर्फ एक ही सवाल आता था कि हे भगवान कब सुधरेगी ये सड़के। भाजपा की सरकार आते ही हमने पूरे प्रदेश में सड़कों को ठीक किया, तो वहीं मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो विकास हुए हैं वह कांग्रेस ने किये क्या! कांग्रेस का विकास से नाता नहीं है। गरीबों का कल्याण क्या होता है कांग्रेसी यह भी नहीं जानते हैं। तीसरी बार जनार्दन जी को दिल्ली भेजिए, हर मतदान केन्द्र में ज्यादा वोट दिलाइये। जनार्दन जी तीसरी बार दिल्ली जाएंगे और रीवा से मउगंज मिर्जापुर रेल की स्वीकृति कराएंगे।

रीवा के यशस्वी सांसद ऐसे सांसद हैं जो कोरोना आ जाए तो मास्क बिनने लगते हैं। स्वच्छता का अभियान चले तो खुद टॉयलेट साफ करने लगते हैं। महात्मा गांधी ने जो काम कभी किया था, इसके बाद दूसरा कोई नेता दिखा तो वह हैं जनार्दन मिश्रा। वो जनता के सच्चे सेवक है। जो उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि सांसद बनेंगे। यह भारतीय जनता पार्टी जो दो बार सांसद बना चुकी है और तीसरी बार भी उन्हें सांसद बनाएगी। यह काम किया था।

## प्रेक्षकों ने एमसीएमसी सेंटर का किया निरीक्षण



**रीवा।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। प्रेक्षकों ने पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया पर जारी विज्ञापनों की निगरानी एवं पेड न्यूज की जानकारी भेजने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन के बारे में अब तक दिए गए प्रमाणन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया में अभ्यर्थियों द्वारा किए जा रहे प्रचार पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा उनके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से किए जा रहे प्रचार को उनके निर्वाचन व्यय में जोड़ने की कार्यवाही करें। उन्होंने एमसीएमसी सेंटर में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का भी अवलोकन किया तथा प्रिंट मीडिया में जारी विज्ञापनों को निर्धारित दर के अनुसार व्यय में शामिल किए जाने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले सहित नोडल अधिकारी उमेश तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी डॉ शिवप्रसन्न शुक्ल एवं एमसीएमसी में मीडिया मॉनीटरिंग के लिए पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आज

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से प्रात: 11.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रथम पाली में सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर तथा मऊगंज विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। द्वितीय पाली में देवतालाब, मनगवां, रीवा तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात सेक्टर आफीसरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### मतदान सामग्री जमा करने के दौरान मास्टर ट्रेनर्स रहेंगे उपस्थित

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान सामग्री वापसी के समय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहेंगे। सभी 24 मास्टर ट्रेनर्स को 26 अप्रैल को शाम 7 बजे उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मतदान दिवस पर एआरओ के साथ रहेंगे मास्टर ट्रेनर्स

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस 26 अप्रैल को मास्टर ट्रेनर्स को विधानसभा क्षेत्र के एआरओ के साथ संलग्न किया गया है। संबंधित एआरओ आवश्यकतानुसार मास्टर ट्रेनर्स को ड्यूटी आवंटित करेंगे। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ सौरभ सोनवणे ने संबंधित मास्टर ट्रेनर्स को इंजीनियरिंग कालेज रीवा में 26 अप्रैल को प्रात: 5 बजे संबंधित एआरओ के पास उपस्थिति देने के निर्देश दिए हैं।

## मतदान के लिए इंजीनियरिंग कालेज में तैयार की जा रही हैं ईव्हीएम

### प्रेक्षकों ने ईव्हीएम की कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित 2014 मतदान केन्द्रों में होगा। मतदान के लिए ईव्हीएम व्हीव्हीपैट मशीनें इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए विशेष कक्षों में तैयार की जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया।



कमीशनिंग के लिए तकनीकी अधिकारी तथा कर्मचारियों के दल विधानसभावार तैनात किए गए हैं। प्रत्येक ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा व्हीव्हीपैट को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जोड़कर उनमें मॉकपोल किया जा रहा है। बैलेट यूनिट के प्रत्येक बटन से मतदान करके बटन के सुचारू कार्य करने की जाँच की जा रही है। मशीनों का भलीभांति संचालन करने के बाद बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाकर उसकी सीलिंग की जा रही है। इसके बाद सभी तैयार मशीनें रिटर्निंग आफीसर की निगरानी में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारित की जा रही हैं। निरीक्षण के समय उपस्थित आयुक्त नगर निगम एवं नोडल अधिकारी सामग्री वितरण श्रीमती संस्कृति जैन ने सामग्री वितरण के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामग्री वितरण के लिए विधानसभावार अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। सभी स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सभी रिटर्निंग आफीसर, नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, उपस्थित रहे।

## प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न निगरानी दलों द्वारा लगातार मानीटरिंग की जा रही है। जिले में एसएसटी दलों द्वारा 26 नाकों में चौबीसों घण्टे जाँच का कार्य किया जा रहा है। इस जाँच कार्य की मॉनीटरिंग कलेक्ट्रेट में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजीव कुमार, पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव ने नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तथा किए



जा रहे मॉनीटरिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसएसटी दलों को तत्परता से कार्य करने के लिए निर्देशित करें तथा नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनीटरिंग हो। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जिन दलों द्वारा जाँच में लापरवाही पाई जाए उनके विरूद्ध कार्यवाही करें तथा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी इस कार्य की गंभीरता से मॉनीटरिंग करें। त्योंथर में एसएसटी दलों द्वारा जाँच कार्य में शिथिलता बरतने की बात सामने आने पर प्रेक्षकों ने अपर कलेक्टर को निर्देश दिए कि त्योंथर में लगाए गए दलों को मुस्तैदी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाए तथा निर्वाचन संपन्न होने तक सभी दल पूरी तत्परता व मुस्तैदी से जाँच का कार्य करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

### प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। प्रचार रथ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बावनगढ़ ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान सामग्री का वितरण शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा से 25 अप्रैल को किया जाएगा। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को इंजीनियरिंग कालेज में होगा। प्रशिक्षण प्रभारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि काउंटर ए में विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, देवतालाब एवं मनगवां के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रात: 11 बजे से 12 बजे तक तथा त्योंथर, मऊगंज, रीवा और गुढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह एक बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि काउंटर बी एवं सी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को अपरान्ह एक बजे से दो बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## लोक गायिका नेहा सिंह के रीवा में का बा गाने से राजनीति में उबाल

**रीवा।** बिहार में का बा यह गाना तो आपने जरूर सुना होगा। जैसे-जैसे चुनाव व वर्ष बीतते हैं तो फिर गाना आता है एमपी में का बा, आ गया रीवा में का बा। बिहार की मशहूर लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने एक बार फिर रीवा में का बा गाकर यहां की राजनीति में उबाल ला दिया है। जिस पर आप कांग्रेस जहां उसे गाने का समर्थन कर रही है वहीं भाजपा आरोप लगा रही है। गाने ने इंटरनेट मीडिया पर जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। जिसको लेकर जमकर विवाद भी देखने को मिला था। रीवा में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। नेहा सिंह के इस गाने को कांग्रेसी नेता व कांग्रेस के समर्थक जमकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर रहे



हैं। इस बीच रीवा को लेकर बिहार की लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का एक गाना आ गया है। जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। गत बुधवार यह गाना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें नेहा सिंह गाती हुई नजर आ रही हैं कि रीवा में का बा... इस गाने में लोक गायिका ने कहा सिंह राठौड़ अपने चिर परिचित अंदाज में सांसद जनार्दन मिश्रा को भी जमकर खरी-खोटी सुना रही हैं। चुनाव के समय इस गाने के आने से राजनीतिक गलियारों में चहल-पहल तेज हो गई है। जहां कांग्रेस इस गाने का समर्थन कर रही है।

वही भाजपा इस गाने को कांग्रेस का जुमला बता रही है। गाने के वायरल होने के बाद मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति ने प्रेस नोट जारी करके कहा है कि मैं नेहा सिंह राठौर को रीवा आमंत्रित करता हूं। वे रीवा आए और देखें कि रीवा में का क्या क्या हैं।उन्होंने कहा कि नेहा सिंह राठौर बेरोजगार हैं। उनके पास कोई काम नहीं है। जिस वजह से वे बीच-बीच में इस तरह के प्रायोजित गीत गाती रहती हैं।मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि वे यहां आए। मैं उन्हें अपने साथ घुमा कर दिखाऊंगा कि रीवा में आज क्या कुछ नहीं है।

## पीएम मोदी की बदौलत मउगंज के चारों तरफ सुन्दर सड़कों का बिछा है जाल : जनार्दन

**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कभी रीवा में 5 ट्रेने चलती थी। आज रीवा से वंदे भारत जैसी ट्रेन भी चल रही है। हम सब मउगंजवासी शिवराज सिंह चौहान जी के आभारी हैं कि उन्होंने रीवा में एयरपोर्ट बनवाने में महती भूमिका निभाई। हम लोगों ने जो-जो मांगे की उसे पूरा करने के लिए हमेशा तैयार रहे। आपको मउगंज जिला की सौगात दी। बाणसागर बांध के पानी को स्वीकृति देकर नहरों के माध्यम से आपके खेत में पहुंचाने का काम किया है। मउगंज जिले में आज विश्वस्तीय सड़कों का जाल बिछा



है। चाहे मिर्जापुर चले जाए, चाहे रीवा चले जाएं। पता हीं नहीं चलता है। ऐसा लगता है कि गाड़ी साय साय जा रही है। घर -घर को नल से जोड़ने का काम मोदी जी कर रहे हैं। मैं एक साधारण घर का नेता हूं। मेरे पिता जी मुझे सरकारी कर्मचारी बनाना चाहते थे। जनता ने मुझे नेता बना दिया। आपने कभी न सुना होगा कि सांसद जी को सत्ता का नशा चढ़ा है। मैं हमेशा सांसदी को आपके लिए समर्पित कर काम कर रहा हूं, और आगे भी आपके चरणों की धूल को मस्तक पर लगाकर सांसदी करूंगा, आप अपना आशिर्वाद दें यह मानकार कि मैं खुद सांसद बनने जा रहा हूं। सभा में स्थानीय विधायक प्रदीप पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी मउगंजवासी शिवराज जी के जीवन पर्यन्त एहसान मंद है। 70 वर्षो में जो नहीं मिला, उसे देने का काम किया है। हर खेत में पानी पहुंचाने के साथ रिंग रोड़, उद्योग के लिए 450 एकड़ की जमीन देकर उसे 82 करोड़ में विकसित करने का काम किया है। आपकी कृपा से मउगंज अपने गौरवमयी स्थान को प्राप्त किया है। स्वागत भाषण मउगंज जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा ने देते हुए कहा कि माननीय शिवराज सिंह चौहान ने हमारे गौरव को वैभव को पुर्नस्थापित करने का काम किया है। हम सब मउगंज वासी जहां जाते हैं तो शिवराज जी का गुणगान करते हैं। हमें उनका स्नेह जिले की सौगात के साथ ही विकास की परियोजनाओं से लबालब किया है। कार्यक्रम को प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, पूर्व सांसद देवराज सिंह, प्रज्ञा त्रिपाठी, वीरेन्द्र गुप्ता, विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने भी सम्बोधित किया। सभा के दौरान रीवा लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल, रीवा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, जिला संगठन प्रभारी केके तिवारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833